हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025



# राशन दुकानों का चावल खरीद रहे शहर के कुछ व्यापारी, अब तक कार्रवाई नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एवं छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों के माध्यम से गरीबों को मिलने वाले चावल की अफरा-तफरी मची हुई है। गरीबों को रुपए का लालच देकर उनसे उनका चावल खरीदा जा रहा है और फिर इसे ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। गरीब हितग्राही भी अपने चावल के रुपयों से घर की अन्य जरूरतें पूरी कर रहे हैं। कांग्रेस शासनकाल में गरीब से लेकर उच्च वर्ग तक के परिवारों का राशन कार्ड बनाया गया है। अब इस राशन कार्ड पर मिलने वाले चावल की अफरा-तफरी बड़े पैमाने पर हो रही है। अधिकांश कार्डधारी दुकानों से चावल ना लेकर रुपए ले रहे हैं। जिसका फायदा चावल के कालाबाजारी से जुड़े चावल माफिया उठा रहे हैं। अधिकांश हितग्राही प्रतिमाह कंट्रोल से चावल ना लेकर इसकी जगह नगद रुपए ले लेते हैं और फिर राशन दुकान संचालकों द्वारा इस चावल को राइस मिल में बेचा जाता है, जहां से इस चावल की घिसाई कर उसे पतला बनाकर वापस मार्केट में ऊंचे दामों पर बेच दिया जाता है। राशन दुकानों में प्रतिमाह राशन वितरण के लिए गड़बड़ी रोकने पीओएस मशीन से इलेक्ट्रॉनिक तराजू को जोड़ा गया है। इस इलेक्ट्रॉनिक तराजू पर खाद्यान्न का वजन रखने के बाद ही वितरण का प्रोसेस पूरा होता है, लेकिन कंट्रोल संचालकों द्वारा इसका भी तोड़ निकालते हुए चावल की जगह किलोबट रखकर वितरण की प्रक्रिया पूरी की जाती है।

## विभागीय अधिकारियों के मिलीभगत की भी आशंका, कई सालों से चल रहा यह खेल

### दुकान में 20 और बाहर 27 रुपए

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान पर अपने चावल नहीं लेने वाले हितग्राहियों से 20 रुपए किलो की दर से चावल की खरीदी की जा रही है। जबकि हितग्राही चावल लेने के बाद इसे बाहर अन्य लोगों को बेचता है तो उसे 27 रुपए प्रति किलो की दर से मिलते हैं। जिसकी वजह से अब अधिकांश हितग्राही राशन दुकानों में अपनी चावल ना छोड़कर इस चावल को बाहर दूसरों को बेच रहे हैं। जिसके चलते अब हितग्राहियों से इस अफरा-तफरी के कार्य में जुड़े अन्य लोगों को चावल खरीदना मना किया जा रहा है, ताकि इसका सीधा फायदा राशन दुकान संचालकों और मिलर्स को हो सके।



### मिल से दुकान, दुकान से मिल

बताया जा रहा है कि कस्टम मिलिंग के तहत मिलर्स को चावल जमा करने होते हैं। हितग्राहियों द्वारा बेचे गए चावल वापस राईस मिल में जाने के बाद इसी चावल को कस्टम मिलिंग के तहत जमा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नई व्यवस्था के तहत इस चावल की अफरा-तफरी का ठेका शहर के नंदई चौक और मोतीपुर के एक व्यापारी को दिया जा रहा है। अब ये दोनों व्यापारी ही चावल की खरीदी करेंगे।

---

### सालभर में आबकारी महकमे को मिलेगा एक करोड़ का राजस्व, बाकी का होगा रिटेंडर!

# रेट कम करने के बाद भी अहाता लेने में नहीं दिखी रुचि, 17 में महज छह दुकानों का टेंडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश में सरकारी शराब दुकानों के बाहर अहाता संचालित करने के लिए नया टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जिले में भी 17 शराब दुकानों के बाहर अहाता संचालित करने के लिए आवेदन मंगाए गए थे, परन्तु लोगों ने अहाता लेने में रूचि नहीं दिखाई।

जबकि इस बार अहाते के लिए निर्धारित तीन फीसदी ड्यूटी को घटाकर दो प्रतिशत कर दिया गया था, लेकिन उसके बाद भी अहाता लेने लोग सामने नहीं आए। यही कारण है कि जिले की 17 शराब दुकानों में महज छह के लिए ही टेंडर हो पाया। इन छह दुकानों से आबकारी विभाग को सालाना एक करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। शेष 9 दुकानों में शराबप्रेमियों को अहाते के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश की साय सरकार ने पिछले साल से ही शराब दुकानों के बाहर अहाता संचालित करने की योजना शुरू की है। इस योजना के तहत सभी शराब दुकानों के बाहर टेंडर के जरिये अहाता आबंटन किया जाता है। पिछले साल जिले की लगभग सभी दुकानों के लिए बोली लगी थी, लेकिन शराब दुकानों के बाहर अवैध अहातों के कारण ठेका लेने वाले ठेकेदारों को कोई खास मुनाफा नहीं हुआ। यही कारण रहा कि इस बार 17 में से महज 6 दुकानों के लिए ही अहाता लेने टेंडर फार्म जमा हुए थे। ज्ञात हो कि पिछले साल अहाता के टेंडर से पहले कुछ शर्तें भी रखी गई थी। जिनमें अहाता के लिए कवर्ड एरिया 150 वर्गफीट का होगा। एरिया छोटा है, तो ऊपरी तल मिलाकर अहाता खोला जा सकता है, लेकिन इसके लिए विभाग पहले आंकलन व परीक्षण करेगा। अहाता का प्रवेश द्वार मुख्य मार्ग व आम रास्ता की ओर नहीं होना चाहिए। प्रवेश द्वार का मुख्य द्वार का आकार 3.3 बायी 6.6 होना चाहिए। पार्किंग, एग्जास्ट फेन, शौचालय, बिजली की व्यवस्था होने जैसी शर्तें तय की गई थी।



### पिछले साल मिले थे अहाते से पौने चार करोड़ रुपए

पिछले साल प्रदेश सरकार के निर्देश बाद जिले की 16 शराब दुकानों के लिए टेंडर किया गया था। जिसमें 13 दुकानों को लेने के लिए पौने चार करोड़ रुपए की बोली लगाई गई थी। हालांकि तीन दुकानों के लिए कोई भी निविदा आने के कारण उनके अहाता का टेंडर नहीं किया जा सका था। इस बार महज 6 दुकानों के लिए बोली लगी है, उनसे भी महज 1 करोड़ रुपए का ही राजस्व प्राप्त होगा।

**बाकी के लिए दोबारा होगा टेंडर:** मिली जानकारी के अनुसार जिले की 17 सरकारी शराब दुकानों में जिन 9 के लिए अहाता लेने कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुए थे। अब इन दुकानों के लिए दोबारा टेंडर की प्रक्रिया की जाएगी। दोबार टेंडर की प्रक्रिया में आवेदन आने पर उन दुकानों के बाहर भी अहाता संचालन करने दिया जाएगा। बताया गया कि टेंडर पोर्टल के जरिये ही ऑनलाइन किया जाएगा।

### अवैध अहाते दिक्कतें

जिले की लगभग सभी शराब दुकानों के बाहर अवैध तरीके से अहाता संचालित किए जा रहे हैं। इन अहातों में खुलेआम शराब परोसने के साथ ही चखना उपलब्ध कराया जा रहा है। यही कारण है कि वैध अहाता के लिए लोग रूचि नहीं दिखा रहे हैं। पिछले साल भी अहाता लेने वालों ने यह दिक्कत विभाग को बताई थी, लेकिन इसके बावजूद अवैध अहातों के खिलाफ कोई ठोस एक्शन नहीं हो पाया। जिसके चलते ही अहाता सेंटर संचालकों की कमाई पर भी असर दिखा। हालांकि आबकारी विभाग ने समय-समय पर अवैध अहातों को हटाने के लिए कुछ कवायद की थी।

### इन दुकानों के लिए टेंडर, दो साल बाद करा पाएंगे रिन्युवल

मिली जानकारी के अनुसार इस बार टेंडर की प्रक्रिया 15 अप्रैल को पूरी की गई। जिले की 17 दुकानों में कुल छह के लिए ही आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें रेवाडीह, अर्जुनी, गैंदाटोला, छुरिया, सोमनी सांकरा और टेड़ेसरा शराब दुकान शामिल हैं। इन दुकानों के लिए 8 आवेदन आए थे। जिनमें से छह को अहाता दिया गया है। इनसे आबकारी विभाग को सालाना 1,01,97,000 रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। मिली जानकारी के अनुसार एक माह की प्रतिभूति राशि जमा करने के बाद ठेकेदारों को लाईसेंस जारी कर दिया गया है। इसके बाद अब उन्हें दो माह की राशि बैंक गारंटी के रूप में जमा करनी होगी। ऐसा नहीं करने पर ठेकेदार का टेंडर निरस्त भी किया जा सकता है।

---

# तापमान@41...अगले तीन दिनों 4 डिग्री और चढ़ेगा पारा तपती धूप में लग रहे स्कूलें

- सामान्य से अधिक पर पहुंचा दिन का तापमान
- तेज गर्मी की वजह से बढ़ रहा वायरल



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंचल में गर्मी ने अपना तांडव दिखाना शुरु कर दिया है। दिन का तापमान चढ़कर 41 डिग्री तक पहुंच गया है, वहीं अगले तीन दिनों में इसके चार डिग्री तक और चढ़ने की संभावना जताई गई है। गुरुवार को शहर का तापमान प्रदेश में सबसे अधिक रहा।

इतनी तेज धुप में बच्चें स्कूल जाने मजबूर है। बढ़ती धुप को देखते हुए अब पालकों द्वारा भी स्कूलों में अवकाश घोषित किए जाने की मांग होने लगी है। इधर मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश से असम तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण बिहार के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल दिनांक 18 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में 1-2 स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि संभावित है।

---

## खबर संक्षेप

### पैसे देने से मना करने पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नशे के लिए पैसा की मांग करने पर प्रार्थी द्वारा मना करने से आरोपी ने गाली-गलौज कर चाकू से हमला किया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 15 अप्रैल को प्रार्थी ने चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 14 अप्रैल को रात्रि करीबन साढ़े 11 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती से घूमकर वापस आकर शंकरपुर तालाब के पास रूका था। उसी समय मोहल्ले का शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली आकर शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। मना किया तो गाली देकर जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकू से जांघ में वार कर चोंट पहुंचाया है। रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 296, 351(2), 115(2), 119(1) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी की पतासाजी कर शंकरपुर तालाब के पास घेराबंदी कर आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली उम्र 25 साल साकिन गौराचौरा शंकरपुर को गिरफ्तार कर कार्रवाई किया है।

## माए एंगल




# सौंदर्यीकरण व सुरक्षा के लिए लगे ग्रिल चोरी, रानीसागर की बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहर को संवारने के लिए लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा सौंदर्यीकरण को बिगाड़ने के साथ ही ऐतिहासिक धरोहरों को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है और सामानों की चोरी भी की जा रही है।

रानीसागर की बाउंड्रीवॉल में लगे सैकड़ों ग्रिल को असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिया गया है। ऐतिहासिक रानीसागर की बाउंड्रीवॉल का एक बड़ा हिस्सा ग्रिल चोरी होने से क्षतिग्रस्त हो गया है। शहर के ऐतिहासिक रानीसागर सौंदर्यीकरण की दिशा में यहां सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाउंड्रीवॉल कराया गया था और इस बाउंड्रीवॉल में सैकड़ों टुकड़ों में अलग-अलग जगह पर ग्रिल लगाई गई थी, लेकिन बाउंड्रीवॉल से सभी ग्रिल की चोरी कर ली गई है।



### त्रिवेणी परिसर से चौपाटी तक

शहर के त्रिवेणी परिसर से लेकर चौपाटी तक लगभग दो-ढाई सौ की संख्या में लोहे की ग्रिल लगी थी। इन सभी ग्रिल को तोड़कर असामाजिक तत्वों द्वारा निकाल लिया गया है। ग्रिल के चोरी हो जाने से बाउंड्रीवॉल भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

### आरोपियों के हौसले बुलंद

असामाजिक तत्वों द्वारा रानीसागर की बाउंड्रीवाल से सैकड़ों ग्रिल चोरी होने के बाद भी इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ किसी भी तरह की रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई गई है। जिसके चलते आरोपियों के हौसले बुलंद है और आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

# गूंजने लगी शहनाइयां, एसी वाले भवनों की मांग अधिक, बैंड-बाजे की एडवांस में बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अप्रैल माह के मध्यान्ह से पुनः वैवाहिक मुहूर्त शुरू होने से शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों मांगलिक शहनाईयों की गूंज बनी हुई है। वैवाहिक मुहूर्तों ने बाजार में रौनक ला दी है। लोग जमकर खरीदी करने जुटे हुए हैं।

ज्ञात हो कि खरमास एवं होलाष्टक के चलते मार्च माह में सिर्फ 1, 2 व 6 तारीख को ही मुहूर्त थे। इसके बाद लोगों को वैवाहिक मुहूर्त का इंतजार बना हुआ था। अप्रैल माह के मध्यान्ह से पुनः वैवाहिक मुहूर्त शुरू होते ही जिनके यहां वैवाहिक आयोजन होने हैं, उनके चेहरे खिल गए हैं। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में वैवाहिक आयोजनों की इन दिनों धूम है।

इधर शहर सहित ग्रामीण इलाकों में इन दिनों लगातार वैवाहिक मुहूर्त का दौर जारी है। जिसके चलते लोगों की व्यस्तता बढ़ गई है। बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों चहल-पहल बढ़ी हुई है। कपड़ा, फर्नीचर, सराफा सहित अन्य दुकानों में लोगों की बेहतर उपस्थिति बन रही है। इन दिनों मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते खुले स्थान पर वैवाहिक आयोजन करने वालों की चिंता बढ़ी हुई है। ज्ञात हो कि बदली व तेज हवाओं एवं बारिश का वातावरण विगत दो-तीन दिनों से है। जिसके चलते कार्यक्रम स्थल को मौसम से सुरक्षित रखने की भी समस्या बन रही है। बहरहाल वैवाहिक आयोजनों के चलते लोगों की आवाजाही बढ़ी है। जिससे यात्री वाहनों में भी भीड़ की स्थिति निर्मित हो रही है।



### मई में अधिक मुहूर्त

पंचांग के अनुसार अप्रैल माह में 14, 16, 18, 20, 21, 25, 29, 30, मई माह में 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 28, जून में 2, 4, 5, 7, इसके बाद नवंबर में 22, 23, 24, 25, 29, 30, दिसंबर में 1, 4, 5, 6, 10 तारीख को वैवाहिक मुहूर्त है, जिसे लेकर लोगों में उत्साह एवं हर्ष का वातावरण है। सर्वाधिक मुहूर्त मई माह में एवं कम मुहूर्त जून में है। वैवाहिक मुहूर्त शुरू होते ही वैवाहिक आयोजनों से जुड़े शामियाना, कैटरिंग, डेकोरेशन, बैंड बाजा, धुमाल सहित अन्य व्यवसायियों की व्यस्तता भी बढ़ने लगी है।

### 19 और 20 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन

# श्री तिरूपति बालाजी मंदिर में रजत जयंती महोत्सव बारात, शोभायात्रा के साथ भगवान का होगा विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के स्टेशनपारा ओवरब्रिज के समीप स्थित श्री तिरूपति बालाजी मंदिर की 25वीं स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर समिति द्वारा दो दिवसीय रजत जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया है। मंदिर समिति के पदाधिकारी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते आयोजन के संबंध में जानकारी दी।

आयोजन समिति के अध्यक्ष समीर पोद्दार व सचिव जय मुदलियार, कोषाध्याय नरेंद्र मुदलियार सहित अन्य पदाधिकारी ने बताया कि स्व. व्हीपी कृष्णा मुदलियार, स्व. उदय मुदलियार और श्रीधर मुदलियार ने वर्ष 2000 में भगवान श्री वेंक्टेश स्वामी के दर्शन हेतु स्टेशनपारा के मुदलियार बाड़ा में श्री तिरूपति बालाजी मंदिर की स्थापना की थी। इस वर्ष मंदिर स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर मंदिर समिति द्वारा रजत जयंती महोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भगवान के किशोरावस्था तक लगातार 12 वर्ष 2000 से 2012 तक प्रतिवर्ष उक्त अवसर पर सात दिवसीय विभिन्न आयोजन किया जाता रहा है। वहीं वर्ष 2013 से उक्त अवसर पर दो दिवसीय आयोजन कराया जाता है।

## खास बातें

- पुराने वादों को पूरा करने के साथ ही नए काम भी होंगे शामिल
- आय के अनुसार तैयार हो रहा शहर का बजट




### 108 कलश से महाअभिषेक

श्री तिरूपति बालाजी मंदिर स्थापना दिवस पर 19 अप्रैल को प्रातः भगवान को 108 कलशों के साथ अभिषेक कराया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से उपस्थित की अपील की गई है।

### विवाह समारोह का आयोजन

श्री तिरूपति बालाजी दरबार सेवा समिति द्वारा 20 अप्रैल को सुबह 9.30 से 12 बजे तक भगवान बालाजी का विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। वहीं दोपहर 12.30 बजे से प्रसादी वितरण होगा। जिसमें लगभग 5 हजार श्रदालुओं के लिए भंडारा स्वरूप प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

### शोभायात्रा का आयोजन

मंदिर समिति द्वारा 19 अप्रैल की संध्या 5 बजे भव्य बारात शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा गायत्री मंदिर चौक से प्रारंभ होकर कामठी लाइन, भारतमाता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, महावीर चौक में समापन उपरांत बालाजी मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां महाआरती एवं 56 भोग का आयोजन होगा।

# बाइक चोरी का आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बाइक चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही चिखली चौकी पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 16 फरवरी 2023 को अपने बाइक ड्रीम योगा रेलवे स्टेशन मे पार्किंग में खड़ा कर अपने काम से चला गया था। करीबन 2 घंटे बाद वापस आकर देखा तो बाइक वहां पर नहीं था। कोई अज्ञात चोर बाइक को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### वाहन जब्त

पुलिस के अनुसार चौकी चिखली स्टाफ द्वारा टीम गठित कर अज्ञात चोर व चोरी गए बाइक की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान मुखबीर सूचना से प्राप्त हुआ कि एक व्यक्ति कुछ कलपुर्जों को बदल कर बाइक का उपयोग अपने आने-जाने मे करता है। बाइक पोस्ट आफिस चौक के पास खड़ी है। सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर दुकानदार दीपक मोहबे से पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने लगा। कड़ाई से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया, जो पुलिस को बताया कि वर्ष 2023 में राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से चोरी कर कलपुर्जो को बदल कर उपयोग कर रहा है। पुलिस ने आरोपी दीपक मोहबे 20 साल स्टेशनपारा के कब्जे से चोरी की बाइक को जब्त कर विधिवत कार्रवाई की है।

## खबर संक्षेप



### बच्चों को दी विदाई

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में पाँचवीं एवं आठवीं के बच्चों का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर में कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, अश्वनी देवांगन, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चैतन्य देवांगन, चमेली देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### पंचायत के सभापति बने दीपक

**छुईखदान।** ग्राम पंचायत एटीकसा में स्थाई समिति का गठन किया गया। निर्माण तथा विकास समिति में दीपक वैष्णव सभापति एवं अन्य तीन को सदस्य बनाया गया है। सदस्यों में रवि जंघेल, सरस्वती जांगड़े, बिसन बाई जांगड़े निर्विरोध चुने गए। सामान्य प्रशासन समिति के सभापति सरपंच संतोषी साहू के साथ चार सदस्य संतोष कोसरे, दीपक वैष्णव, भूपेन्द जंघेल, पुर्णिमाबाई जोशी हैं। शिक्षा स्वास्थ्य तथा समाज कल्याण समिति में सभापति संतोष कोसरे, सदस्य शत्रुहन भारती, सरस्वती, सुनीता साहू, कृषि राजस्व तथा वन समिति में सभापति भूपेन्द जंघेल, सदस्य मनीषा साहू, साधना साहू, रवि जंघेल, गौठान समिति में सभापति पूर्णिमा जोशी, सदस्य बिसन साहू, किशन यादव, साधना साहू हैं।



### नवमीं में अनीशा प्रथम



**परमालकसा।** ग्राम के हाईस्कूल में गत दिनों कक्षा 9वी का परिणाम घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम अनीशा साहू, द्वितीय संजना सान तथा तृतीय स्थान डिलेश्वरी पटेल ने हासिल किया। कक्षा के 9 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी, 22 द्वितीय और पांच तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। सभी छात्र-छात्राओं को शाला एवं ग्राम पंचायत परिवार ने बधाई दी है। यह जानकारी शाला अध्यक्ष रामकिसुन साहू ने दी।

### रेडियों का निःशुल्क वितरण




**डोंगरगढ़।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल बोरतलाव ने गत दिनों सिविक एक्शन कार्यक्रम अंतर्गत रामजीटोला, बोदराटोला एवं कुरेझर के संयुक्त शिविर का आयोजन रामजीटोला में किया। शिविर में सहायक सेनानी राजीव कुमार शर्मा के रेडियो का वितरण किया गया। कार्यक्रम में तीनो गाँव के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### शपथ समारोह में शामिल हुए भाजपाई



**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में 16 अप्रैल को पदभार ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता हरविंदर सिंह मंगे, प्रकाश बिंदल, विजेंद्र ठाकुर, संतोष राव, प्रिंस कक्कड़, परविंदर सिंह मोंटी, सौमित्र सोनी, वीरेंद्र साहू, गिरीश साहू, रामकुमार डड़सेना आदि शामिल हुए।

# पियक्कड़ फैला रहे गंदगी, जमीन के बंजर होने का खतरा

## तालाब और नहर को भी कर रहे दूषित, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

आबकारी विभाग की लापरवाही से शहर में स्वच्छता मिशन की जमकर धज्जियाँ उड़ रही है। विभाग के संरक्षण में चखना दुकानों के आसपास प्लास्टिक कचरा फैलाकर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है साथ ही जमीन के बंजर होने का खतरा मंडरा रहा है।

करियाटोला खार में देशी और अंग्रेजी शराब दुकान संचालित हैं। इस एरिया में एक दर्जन से ज्यादा ऐसी दुकान चल रही हैं जहां वेज नॉनवेज खाने के सामान बेचे जाते हैं। करियाटोला चौक से शराब दुकान तक संचालित इन दुकानों के आसपास मुर्गियों के पँख, लाखो की तदाद पानी के खाली पाउच, डिस्पोजल गिलास, पैकेट बंद खाद्य सामग्री के रेपर, अंडा की जर्दी आदि फैली हैं। यहां गंदगी के साथ प्लास्टिक कचरा आसपास खेतों तक फैलने लगा है जिससे आने वाले समय में खेत बंजर हो सकते हैं। लापरवाही की सस्थिति यह है कि दुकानदार तालाब और नहर में वेस्ट मटेरियल डालने लगे हैं जो बहकर खेतों में जा रहा है।

### प्लास्टिक कचरा क्यों

कहने को तो दुकानों में वेज नॉनवेज खाद्य सामग्री बेचा जा रहा है किन्तु सवाल यह है कि पूरे इलाके में प्लास्टिक कचरा क्यों फैल रहा हैं? उल्लेखनीय है कि आबकारी नीति के तहत सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करना, पीने की सुविधा मुहैया कराना प्रतिबंधित हैं। मौके को देखकर कहा जा सकता है कि इन दुकानों में पीने की सुविधा मुहैया कराया जा रहा हैं जिसके चलते पानी पाउच और डिस्पोजल गिलास को उपयोग के बाद यहां वहां फेंका जा रहा हैं। यह स्थिति अर्जुनी शराब दुकान के आसपास भी देखा जा रहा है। मांस मटन और अंडो के वेस्ट मटेरियल सहित अन्य को यहां वहाँ फेंकने से बदबू फैलने लगी है।



### अफसरों की बड़ी लापरवाही

शराब दुकान के आसपास चखना दुकानों के चलने और संचालको द्वारा लापरवाही पूर्वक वेस्ट मटेरियल फेंकने, पर्यावरण को दूषित करने और प्लास्टिक कचरे से जमीन को बंजर बनाने के मामले को आबकारी, राजस्व और नगर प्रशासन गंभीरता से नहीं ले रहा है जिसके चलते आने वाले समय में गंभीर परिणाम देखने मिल सकते हैं।

### जुर्माना वसूला जाएगा

सार्वजनिक जगहों पर गंदगी फैलाना गलत है। नगर पंचायत की टीम शीघ्र ही मौका मुआयना करेगी। लापरवाही पूर्वक गंदगी फैलाने पाए जाने पर दुकानदारों से नियमत: जुर्माना वसूल किया जाएगा साथ ही भविष्य में ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी जाएगी।

- **विनम्र जेमा**, सीएमओ

## प्रदर्शन में शामिल हुए जिले के विधायक और पदाधिकारी

# शराब की बाटलिंग और बिक्री पर कांग्रेस ने साधा सरकार पर निशाना

### भविष्य में उग्र आंदोलन करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में शराब की अवैध बिकी, दूसरे राज्य की शराब लाकर बाटलिंग करने और अव्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। कांग्रेसजनों ने तहसील कार्यलय के सामने प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओ के संरक्षण में चल रहे नशे के कारोबार में लिप्त प्रभावशाली लोगों को बचाने का आरोप लगाया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश और जिला इंका अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि करवारी के फार्म हाउस में दूसरे राज्य की शराब का जाखीरा सहित नकली होलोग्राम, ढक्कन, लेबल मिला है। इस कारोबार के तार दिल्ली, मुंबई, बिहार सहित अन्य जगहो तक फैले होने का खुलासा हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे सरकार से जुड़े लोगों का भी हाथ है इसलिए जांच के नाम पर खानापूर्ति करते हुए केवल छोटे लोगों पर कार्रवाई किया जा रहा है। उन्होंने गृह मंत्री के प्रभार वाले जिले में इस अवैध कारोबार के खुलासे पर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया।



### बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेसी

लंबे समय बाद हुए प्रदर्शन में पूर्व मंत्री धनेश पटिला, विधायक हर्शिता स्वामी बघेल, भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, छन्नी साहू, थानेवर पटिला, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, मदन साहू, गोपीचंद गायाकवाड, विपिन यादव, नलिनी मेश्राम, विजय राज चौहान, सुरेश सिन्हा, रितेश जैन, चेतन साहू, रतन यादव, हीरा सोनी, अब्दुल खान, नरेंद्र वर्मा आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभा का संचालन जिला कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी ने किया। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पंकज बांधव ने अंत में आभार व्यक्त किया।

### किया पुतला दहन

इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दिया कि शराब बिक्री, अनैतिक कार्य और कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेसजन बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री एवं आबकारी विभाग का पुतला दहन किया। राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान प्रदीप शर्मा, संध्या देशपांडे, रमेश डाकलिया, चुम्मन साहू, बशीर भाई, शिशुपाल भारती, लोकनाथ भारती, किरण मेश्राम, हरीश भंडारी, शकील कुरैशी, राजकुमार सिन्हा, पंचराम चंदेल, दिनेश जांगड़े, प्रीति वैष्णव, महेश सेन, राकेश सिन्हा, एकनाथ सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

# आवास से वंचित लोगों का सर्वे होगा 30 तक

## अभियान की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

सुशासन उत्सव योजना के तहत जिले में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के साथ ही अब मोर दुआर, साय सरकार महाअभियान शुरू हो गया है। अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना से उन ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है, जो अब तक स्थाई प्रतीक्षा सूची या आवास प्लस सूची में छूट गए थे। जानकारी के अनुसार आवास के लिए सर्वेक्षण तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में आगामी 19 अप्रैल तक यह जिला एवं ब्लॉक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में चलाया जा रहा है। आगामी 20 से 28 अप्रैल तक दूसरे चरण में गांवों में नियुक्त नोडल अधिकारी एवं सर्वेक्षक ग्राम सभाओं के माध्यम से सर्वेक्षण प्रक्रिया का विस्तृत प्रस्तुतीकरण करेंगे। अंतिम चरण में 29 एवं 30 अप्रैल तक सर्वेक्षक एवं सरपंच के संयुक्त हस्ताक्षर से सर्वेक्षण पूर्ण होने का प्रमाण-पत्र तैयार कर जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

### प्रतिभागियों को मिलेगा सम्मान

महाअभियान के दौरान विशेष योगदान देने वाले अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। अभियान के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता जैसे निबंध लेखन, चित्रकला, रंगोली, नारा लेखन, गीत एवं कविता लेखन के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

## खादी में शिव महापुराण कथा 25 से

**सड़क अतरिया।** ग्राम खादी में शिव मंदिर समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से आगामी 25 अप्रैल से 3 मई तक शिव महापुराण कथा एवं रूद्र अभिषेक का आयोजन रखा गया है।

रूद्राभिषेक प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक होगा। तत्पश्चात कथा प्रारंभ होगी। प्रथम दिवस जल यात्रा एवं पंचवेदी पूजा के बाद कथा प्रारंभ होगी। कथा वाचक पं. सूरज उपाध्याय सहसपुर वाले होंगे। आयोजन समिति ने लोगों से उपस्थिति की अपील की है।

# बिजली बंद इसलिए पेड़ के नीचे लगी ग्रामसभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

■ बिजली कटौती पर जताया नाराजगी

राम पंचायत रंगीटोला के आश्रित ग्राम जनकपुर में बरगद के पेड़ के नीचे ग्रामसभा की बैठक सरपंच संगीता गोंड के नेतृत्व में आयाजित की गई। गांव में बिजली की समस्या के चलते पेड़ के नीचे ग्रामसभा की बैठक आयोजित करना पड़ा था। बैठक में पानी की समस्या पर विचार किया गया। नलों के माध्यम से होने वाले पानी को टुल्लू पंप से खींचने के कारण अन्य को पानी नहीं मिल रहा है। इस दिक्कत को देखते हुए टुल्लु पंप से पानी खींचने पर जुर्माना लेना तय किया गया। इस आशय की मुनादी गांव में कराया जाएगा। आसपास गांव में बिजली समस्या बढ़ते जा रही है। किसान, व्यापारी, आमजन बिजली से परेशान है। गांव में आए दिन घंटों बिजली बंद रहती है, जिससे ग्रामीणों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

# सब्जी बाजार में अव्यवस्था, नपा का घेराव

## सड़क पर लगती है दुकानें, आवाजाही बाधित होने से होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सड़क पर सब्जी दुकानों के लगने से यातायात व्यवस्था के बिगड़ने को लेकर बुधवारी सब्जी मंडी को खोलने की मांग को लेकर शहर के लोगों ने गत दिनों नगर पालिका का घेराव किया। लोगों ने पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा को ज्ञापन सौंप कर व्यवस्था सुधारने की मांग की है। लोगों ने बताया कि लाखो रूपये खर्च कर बनाई गई 20 साल पुरानी सब्जी मंडी में दो साल पहले लगभग 26 लाख खर्च कर हाट बाजार बनाया गया है। सुविधा युक्त सब्जी मंडी होने के बाद भी दुकानदार सड़क पर पसरा लगा रहे है। वहीं सब्जी मंडी में शराब की अवैध बिक्री होने तथा असामाजिक तत्वों का जमावाड बढ़ने लगा है जिसे आसपास के लोगों एवं खरीदी करने वालों को दिक्कत हो रही है। लोगों को सब्जी खरीदने गोलबाजार जाना पड़ता है किन्तु सड़क पर जाम लगा होने के कारण वह सुरक्षित ढंग से सब्जी खरीद नहीं पाते। गोलबाजार में सब्जी दुकान लगने के कारण आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। पार्किंग व्यवस्था नही होने के कारण लोग पैदल नहीं चल पाते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवारी सब्जी मंडी को लॉकडाउन के दौरान बंद किया गया था जिसे पुनः शुरू किया जाना चाहिए।



### सुधरेगी बाजार व्यवस्था

लोगों ने बताया कि बुधवारी सब्जी मंडी को चालू किया जाता है तो वहां सुरक्षित ढंग से सब्जी दुकाने लगेंगी और लोग बिना किसी असुविधा के खरीदी कर सकेंगे। घेराव के दौरान लोगों ने सीएमओ पर मामले का गंभीरता से नही लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने खराब सफाई व्यवस्था और नाली की सफाई पर समय पर नहीं की शिकायत किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान लोकेश्वर साहू, पारस साहू, अजित परिहार, मोंटी भाटिया, गुरप्रीत सिंग, ललिता साहू, दिलेश्वरी साहू, रितु साहू, क्रांति साहू, कुलेवरी साहू, नंदनी केशर साहू, रूखमनी साहू, राजकुमारी साहू, कनक राम साहू, त्रिलोचन जंघेल, फिरंगी यादव, सुभावर्ती पाल, कृष्ण यादव, राकेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### आत्मानंद में प्रवेश प्रारंभ

**गंडई पंडरिया।** पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिन्दी विद्यालय गंडई में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक अभिभावक 5 मई तक ऑनलाइन सीजी स्कूल एजुकेशन पोर्टल से आवेदन कर सकते हैं।

### शशांक ने किया ऑक्सीजन सिलेंडर का प्रबंध



**डोंगरगढ़।** नगर के वार्ड 11 के शशांक काले ने जरूरत मंदों के लिए 10 नग आक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था किया है।उन्होंने कोरोना काल में भी पीड़ितों की काफी मदद किया था। श्री काले पेशे से क व्यापारी हैं। वह बचपन से सामाजिक कार्यों में आगे रहते आए हैं। उन्होंने बताया कि उनका मकसद लोगों की सेवा करना और जरूरत मंद लोगो के लिए काम करना है। उन्होंने बताया कि जिस किसी को आक्सीजन सिलेंडर की जरूरत हो वह निःशुल्क हासिल कर सकता है।

### छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड डोंगरगांव

**// विद्युत बंद की सूचना //**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि डोंगरगांव शहर में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान विद्युत लाईन शिफ्टिंग का कार्य किया जाना है। अतः नीचे प्रदर्शित निम्नलिखित क्षेत्र प्रभावित रहेगा।

| क्र. | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र का नाम | फीडर का नाम | दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | डोंगरगांव | 11 के.व्ही. डोंगरगांव टाउन-1 | 19.04.2025 | सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक | रेस्ट हाऊस, जनपद कार्यालय, शिक्षक कालोनी, सिनेमा लाईन, फौव्वारा चौक, कुम्हार पारा एवं मेन रोड बस स्टैण्ड के आस-पास क्षेत्र। |
| | | | | सुबह 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक | चंडी मंदिर, बाजार एरिया, राजीव गांधी चौक के आस-पास क्षेत्र। |

असुविधा के लिए खेद है।
"दाई, ददा मन बिजली बचाही, तभे लईका मन बिजली पाही"
टीप :- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई/बढ़ाई जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (संचा./संधा.) संभाग
छ.स्टेट पावर डिस्ट्री. कंपनी लिमि. डोंगरगांव

# हाईटेक हो रहे स्कूली बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पढ़ाई लिखाई के अलावा कौशल विकास के लिए अटल टिंकरिंग लैब में कक्षाएं ली जा रही है। अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी नेहा साहू और संदीप वर्मा ने बताया कि इसका उद्देश्य बच्चों में नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। लेब में बच्चों को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित से संबंधित विभिन्न परियोजनाओं और गतिविधियों के माध्यम से कुछ नया सीखने और प्रयोग करने का अवसर मिलता है। प्रयोग करने के लिए विभिन्न उपकरण और संसाधन प्रदान कर नवाचार को बढ़ावा, कौशल विकास, उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और सिद्धांत और अभ्यास को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मई में जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया जाएगा।





### नपा प्रशासन की मनमानी से शासन के लाखों रुपए का दुरुपयोग

# चौक तोड़ने और मूर्ति हटाने को लेकर कांग्रेस ने लगाया नपा प्रशासन पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगांव कवर्धा रोड में रेस्ट हाऊस चौक पर सालों से स्थापित मीराबाई की प्रतिमा हटाने और आनन फानन में चारदीवारी तोड़ने के मामले में कांग्रेस ने नपा प्रशासन को कटघरे मे खड़ा कर दिया है। कांग्रेस नताओं ने मामले से जुड़े तथ्यों को सामने रखते हुए आरोप लगाया कि नपा सीएमओ नरेश वर्मा जनता को गुमराह कर रहें है।

प्रतिमा हटाना और चौक को गलत तरीके से तोड़ना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। सीएमओ की मनमानी से शासन के लाखों रुपयो का दुरूपयोग हुआ है जिसे लेकर जन आंदोलन की नौबत आ गई है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने मामले में कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि 17 मार्च 25 को पीआईसी की बैठक में एजेंडा नंबर 4 के बिंदु में स्थल चयन का कोई जिक्र नहीं है। एजेंडा पत्रक को सार्वजनिक करते हुए कहा कि उसमे अटल परिसर निर्माण को लेकर दर स्वीकृति पर चर्चा का उल्लेख किया है लेकिन अकस्मात नपा प्रशासन ने सरकारी जेसीबी से चौक ही तोड़वा दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व पीएम भारत रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी का बहुत सम्मान करते है पर क्या पूरे शहर में नपा को उनकी मूर्ति स्थापित करने कोई सही जगह नहीं मिली जो इस तरह सालों से स्थापित प्रतिमा को हटाया गया। सीएमओ को मामले का मास्टर माइंड बताते हुए कहा कि उन्होंने गुमराह करने का प्रयास किया है। मीरा बाई क्षत्रिय राजपूत थी तो क्या ये राजपूत समाज का अपमान नहीं है क्या ये क्षत्रियों का अपमान नहीं है और क्या ये राष्ट्रीय संत और विश्व की महान कवियत्री मीरा बाई का अपमान नहीं है। श्री देवांगन ने कहा कि चौक के पास हरे-भरे वृक्ष भी काटे गए है। भगवान श्री कृष्ण के नाम से कृष्ण कुंज टिकरापारा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के कार्यकाल में शुरू हुआ वो बंद है इससे साबित होता है कि भाजपा ने कृष्ण भगवान का अपमान करने के बाद उनकी अनन्य भक्त मीरा बाई का अपमान करने पर तुल गई है। उन्होंने मामले मे सड़क से लेकर कोर्ट तक लड़ाई की बात के साथ कहा कि कांग्रेस क्षत्रिय, यदुवंशियों और आम जनता को साथ लेकर अब बड़ा जन आंदोलन करेंगी क्योंकि ये सिर्फ खैरागढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश प्रदेश में मीरा बाई को मानने वाले लाखों-करोड़ों लोगों का अपमान और आस्था के साथ खिलवाड़ है।

## विश्व की महान कवियत्री मीरा बाई का अपमान



### झूठ बोल रहे सीएमओ : अब्दुल रज्जाक

नगर पालिका उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान ने कहा कि पीआईसी की बैठक में स्थल चयन को लेकर ना कोई बिंदु था ना कोई चर्चा हुई। नपा सीएमओ नरेश वर्मा सरासर झूठ बोल रहे। उन्होंने कहा कि अटल परिसर के स्थल चयन का पीआईसी की बैठक में कोई उल्लेख ही नहीं हुआ था। शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ ने कहा कि सिर्फ दर अनुमोदन पर चर्चा हुई। पूर्व में जब स्व.राजा देवव्रत सिंह की मूर्ति स्थापना को लेकर चर्चा हुई थी तो ये प्रस्ताव हुआ था कि मीरा बाई की वहां पर मूर्ति स्थापित है इसलिए अन्य स्थल पर उनकी मूर्ति स्थापित की जाएगी और सभी की सहमति और आम जनता की भावनाओं के अनुरूप दुर्गा चौक सिविल लाइन में स्व.देवव्रत सिंह की मूर्ति स्थापित की गई। उन्होंने कहा कि पीआईसी की बैठक में जब मीराबाई चौक को तोडने और अटल परिसर बनाने को लेकर चर्चा नहीं हुई तो यह बात पूरी तरह साफ हो गई है कि सीएमओ नरेश वर्मा ने बड़ी मनमानी की है। नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन ने कहा कि सीएमओ नरेश वर्मा जब से यहां आए है कोई भी काम नहीं हो रहा है और वो केवल अपनी मनमानी यहां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीएमओ नरेश वर्मा का काम शहर की भोली भाली जनता के हित में बिल्कुल भी सही नहीं है।

### अंबेडकर जयंती पर की मनमानी : पुरुषोत्तम वर्मा

पार्षद पुरुषोत्तम वर्मा ने कहा कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सीएमओ ने मनमानी करते हुये मीराबाई चौक को तुड़वा दिया। पुरुषोत्तम ने कहा कि एक-डेढ़ साल पहले ही नपा द्वारा लाखों रुपए खर्च कर मीरा बाई चौक में रंग रोगन किया गया था। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ भाजपा के लोग कहते हैं कि वह रामकृष्ण के भक्त हैं लेकिन दूसरी ओर भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त और राष्ट्रीय संत कवयित्री मीरा बाई की मूर्ति को उपेक्षित कर हटाना और संगीत नगरी के एक सुंदर चौक को जेसीबी से बेदर्दी के साथ तोड़ना भाजपा की झूठी बातों को दर्शाता है और इससे साबित होता है कि भाजपा की कथनी और करनी में बड़ा अन्तर है। अन्याय के खिलाफ 21 अप्रैल के बाद बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पर पार्षद सुमन पटेल, दयाराम पटेल, पार्षद दिलीप लहरे, राधे पटेल व पार्षद शत्रुहन धृतलहरे गुड्डू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

# ग्रामीणों की पहल से जल समस्या हल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत संड़ी में पखवाड़े भर पहले पानी की गंभीर समस्या थी। भू जल स्तर नीचे जाने से सभी कुएं सूख गए थे। हैंडपम्प से पानी निकलना बंद हो गया था। टैंकर से लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा था। समस्या को देखते हुए पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के प्रयास से जलसंकट दूर हो गई है। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद जल स्तर को पुनः लाने में सफलता हासिल किया है। जानकारी अनुसार गांव के समीप एक जलाशय है।जिसके पानी का उपयोग किसान सिंचाई के लिए करते रहे हैं। ग्रामीणों ने जलाशय के पानी को दो अलग अलग दिशा में स्थित तालाब के समीप नाला में ले गए तथा नाला में पम्प लगाकर तालाब में पानी भरा। तालाब में पानी भरने के बाद बोर एवं हैंडपम्प का जल स्तर बढ़ गया है।

### नल जल योजना फेल

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पेयजल के लिए नल जल योजना है। भूजल स्तर गिरने से योजना ठप्प होने के साथ ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई थी। लोगों को पानी के लिए भटकना पडना पड़ रहा था। ग्रामीणों के सार्थक प्रयास से अब नलों से पानी आने लगा है। सरपंच कैलाश वर्मा ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की पहल से तालाब में पानी भरने के बाद जल समस्या दूर हो गई है।

### 1 मई तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव विकासखंड स्थित सूखानाला सिंचाई जलाशय को मत्स्य पालन, मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय हेतु 10 वर्ष के लिए लीज पर दिए जाने हेतु पंजीकृत मछुआ सहकारी समिति, मछुआ समूह, महिला स्वसहायता समूह सहित अन्य पात्र व्यक्तियों से 1 मई 2025 तक कार्यालय सहायक संचालक मछलीपालन जिला राजनांदगांव में आवेदन आमंत्रित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

# कनीज-ए-फातिमा ग्रुप ने किया स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

### 100 से अधिक महिलाओं ने करवाया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



महिलाओं के संगठन कनीज ए फातिमा ग्रुप ने मस्जिद लॉन में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया। शिविर में सौ से ज्यादा महिलाओं ने निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराकर चिकित्सकों से परामर्श लिया।

आरोग्य हॉस्पिटल भिलाई की महिला चिकित्सक डॉ. रैनी अग्रवाल ने जांच शिविर में महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्यगत समस्याओं की जानकारी लेकर परीक्षण किया। सिविल अस्पताल में पदस्थ दंत चिकित्सक डॉ. अनम फातिमा ने दांत की जांच कर परामर्श दिया और आवश्यकतानुसार जरूरी दवाई व डेंटल किट भी दिया। सब इंस्पेक्टर बिलकिस खान ने महिलाओं को उनके अधिकार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने महिलाओं व बच्चों को गुड टच-बैड टच, संविधान में मिले महत्वपूर्ण अधिकारों की जानकारी दी। सिविल अस्पताल में पदस्थ सहायक नेत्र रोग विशेषज्ञ दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव ने 25 से ज्यादा महिलाओं की आंखों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया और आंखों की विशेष देखभाल करने की सलाह दी। इस दौरान निगार अंजुम खान, नसीमा मेमन, नसरीन अली सैयद, तरन्नुम मेमन, सीमा जबीं, सफिया बानो, शहनाज बानो, तस्लीम मेमन, साबरा सरदारिया, अमरीन अली, आफशिन मेमन, नाजिया फिरदौस, मुस्कान अली, रुबीना मेमन, परवीन, सफीका खान, फिरदौस, तहसीम फातिमा, शमशाद बेगम, शिफा मेमन कहकशां व जूहीना वारसी सहित मुस्लिम समाज की समस्त महिलाएं उपस्थित थी।

## सावित्री बनी क्षेत्रीय महिला अध्यक्ष



**राजनांदगांव।** मैथिल क्षत्रिय समाज के क्षेत्रीय महिला संगठन के चुनाव में सावित्री कौमार्य को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। हाल ही में पूर्व क्षेत्रीय महिला संगठन का कार्यकाल समाप्त होने के पश्चात 16 अप्रैल को एक बैठक आहूत कर नए अध्यक्ष का चयन किया गया। समाज सक्रिय महिला सदस्यों ने सर्वसम्मति से सावित्री कौमार्य को राजनांदगांव मैथिल क्षत्रिय महिला संगठन का अध्यक्ष चुना है। इसके अलावा संतोषी नागवंशी को उपाध्यक्ष, पुनम ठाकुर को सचिव, उर्वशी क्षत्रिय को सह-सचिव और अंजली नागवंशी को कोषाध्यक्ष चुना गया है। वहीं सह-कोषाध्यक्ष चांदनी गर्ग एवं संरक्षक नंदनी सेंगर, रेणु सूर्यवंशी और मीडिया प्रभारी सोनी देवराज को चुना गया। वहीं अन्य पदों के लिए भी समाज की महिला सदस्यों का चयन किया गया है। सावित्री कौमार्य ने अध्यक्ष चुने जाने पर समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे समाज को एकजुट और मजबूत बनाने हरसंभव प्रयास करेंगी। समाज की प्रगति उनकी प्राथमिकता होगी।

# मनरेगा, कांग्रेस करेगी एक को प्रदर्शन






(फाईल फोटो)

- कलेक्टर के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

आगामी 30 अप्रैल तक रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य शुरू नहीं होने पर कांग्रेस आगामी एक मई को धरना प्रदर्शन करेगी। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल के नेतृत्व में बुधवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया है कि मजदूरों के लिए मनरेगा महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से जाब कार्ड धारी मजदूरों को 100 दिन कार्य दिया जाता है। इस वर्ष मजदूर इस महत्वपूर्ण योजना के लाभ से वंचित हैं। मजदूरों को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। ज्ञापन कहा गया कि आगामी 30 अप्रैल तक ग्राम पंचायतों में योजना के तहत प्रारंभ नहीं किया गया तो कांग्रेस एक मई को धरना प्रदर्शन करेगी। पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल ने कहा मजदूरों हित की इस योजना को शीघ्र प्रारंभ किया जाना चाहिए ताकि मजदूरों को काम की तलाश में पलायन न करना पड़े। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, चंद्रेश वर्मा, पीयूष दुबे, राकेश वर्मा, ओमप्रकाश साहू, ईश्वर वर्मा, नेमदास साहू, उमराव वर्मा, हिंसाराम वर्मा, जितेंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण मजदूर भटक रहे काम के लिए

**सड़क अतरिया।** रबी फसल की कटाई मिजाई के बाद ग्रामीण मजदूर अब बेरोजगार हो गए हैं। उन्हे मनरेगा के कार्य शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। ग्रामीणों ने बताया कि फसल कटाई के बाद सभी गांव में मनरेगा एवं भूमि सुधार के कार्य शुरू हो जाते थे किन्तु इस बार किसी भी पंचायत में अब तक काम शुरू नहीं हुआ है। पंचायत से मिली जानकारी अनुसार सभी पंचायते मनरेगा के तहत काम की डिमांड भेज चुके हैं पर स्वीकृति नहीं मिली है। स्वीकृति के अभाव में मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मनरेगा शुरू किया गया था। फसल कटाई मिंजाई के बाद मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योजना के तहत काम शुरू किया जाते रहा है। वर्तमान में मजदूरों के पास कोई काम नहीं है। मनरेगा से मजदूरों को सौ दिन का रोजगार मिल जाता है। ग्रामीणों ने मनरेगा के तहत काम शुरू करने की मांग किया है।

# धर्म नगरी में बनेगा खाटूश्याम मंदिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

धर्मनगरी में अब श्री खाटूश्याम बाबा का भी मंदिर बनाया जाएगा। मंदिर के लिए पब्लिक ट्रस्ट का पंजीयन कराया गया है। श्री खाटूश्याम मंदिर ट्रस्ट समिति के फाउंडर मेंबर जितेंद्र सिंग ठाकुर ने बताया कि मंदिर बनाने के लिए रावटी पहाड़ के समीप 15 डिसमिल सुराणा परिवार के सुभाषचंद सुराणा, मोहित नितिन पुगलिया महाराष्ट्र, गुलाबचंद जैन रायपुर ने दान में दिया है। जमीन की रजिस्ट्री भी हो गई है। रावटी पहाड़ के समीप जनसहयोग से मंदिर बनाया जाएगा। इस संबंध में गत दिनों बैठक रखी गई थी जिसमे सर्वसम्मति से विशाल सुराणा को अध्यक्ष चुना गया। सचिव नवीन अग्रवाल को बनाया गया है। राहुल अग्रवाल रायपुर, संदीप गुप्ता राजनादगांव, डॉ. सम्राट जैन, सोनकुमार सिन्हा, विवेक गुप्ता, विकास सुराणा, जितेंद ठाकुर, तोरण महोबिया, चुम्मन देवांगन, किशोर परमार, पूजासिंग, ज्योति साहू, अर्चना सोनपुरे को ट्रस्टी चुना गया है।

- मंदिर के लिए पब्लिक ट्रस्ट का पंजीयन
- मंदिर के लिए 15 डिसमिल दान की मिली जमीन

### स्वच्छता के लिए इंदौर गया अध्ययन दल लौटा वापस

# इंदौर की तरह ही नगर को बनाया जाएगा क्लीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नवीन जिला मोहला-मानपुर-चौकी के एकमात्र नगरीय निकाय नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी को इंदौर शहर की तरह स्वच्छ व सुंदर बनाया जाएगा। देश के नंबर वन क्लीन सिटी इंदौर में स्वच्छता का सबक सीखने गई निकाय का अध्ययन दल इंदौर से लौटने के बाद नगर को साफ-सफाई के मामले में बेहतर करने की दिशा में कार्य प्रारंभ कर दिया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी की अगुवाई में निकाय का सात सदस्यीय अध्ययन दल एक सप्ताह तक देश के नंबर वन क्लीन सिटी इंदौर के भ्रमण में था। इस अध्ययन दल ने एक सप्ताह इंदौर में ठहरकर वहां की साफ-सफाई, कचरा निष्पादन एवं गीले व सूखे कचरे से निगम की आय बढाने के लिए किए गए प्रावधानों की बारिकी से अध्ययन किया। निकाय के सात सदस्यीय अध्ययन दल में नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के अलावा निकाय के उपयंत्री हरीशंकर वर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पवन गुप्ता एवं पार्षद दिलीप कुंभकार, मुकेश सिन्हा एवं सफाई दरोगा लोकेश सलामे व रामसाय पटेल शामिल थे।



### फिर बंटेगा घर-घर डस्टबीन

नगर को क्लीन सिटी बनाने एक बार फिर पार्षद निधि एवं नगरीय प्रशासन विकास विभाग के माध्यम से डोर-टू-डोर गीला व सूखा कचरा कलेक्शन के लिए डस्टबीन का वितरण किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बताया कि संपूर्ण स्वच्छता के लिए कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ही सबसे पहले डस्टबीन व थैला का वितरण किया जाएगा। इसके बाद निकाय स्तर पर सफाई से जुड़ी अन्य व्यवस्थाएं लागू की जाएगी।

### प्लास्टिक पर लगेगा प्रतिबंध

संपूर्ण स्वच्छता के लिए जिला प्रशासन के मार्गदर्शन व अगुवाई में नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। इसके लिए पहले नगर के सभी तरह के स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठकें की जाएगी। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर इंदौर शहर की तरह नागरिकों को झोला रखने प्रेरित किया जाएगा। निकाय द्वारा भी नगर के हर वार्डों में वार्ड पार्षद के माध्यम से झोला वितरण कराया जाएगा। इस कार्य के लिए महिला समूह को रोजगार उपलब्ध कराते इस अभियान को सफल बनाने उनका साथ लिया जाएगा।

### महापौर सचिवालय ने किया स्वागत

स्वच्छता का पाठ पढ़ने देश के नंबर वन क्लिन सिटी इंदौर गई स्वच्छता दल का स्वागत इंदौर के महापौर सचिवालय द्वारा किया गया। इंदौर के महापौर पुष्पमित्र भार्गव द्वारा नगर पंचायत जैसे छोटे से निकाय से आए पार्षदों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह एवं इंदौर निकाय द्वारा स्वच्छता जागरूकता के लिए निकाले जा रहे साहित्य एवं इंदौरी थैला भेंट किया। महापौर श्री भार्गव ने इंदौर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वच्छता कार्यक्रम की जानकारी दी एवं अध्ययन दल को इंदौर नगर निगम क्षेत्र में अध्ययन व भ्रमण के लिए सभी तरह का सहयोग प्रदान करते अपने कर्मचारियों की टीम भी प्रदान की। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अध्ययन दल को दिए गए सहयोग के लिए महापौर व निगम प्रशासन का आभार ज्ञापित किया।

### स्वच्छता के लिए जागरुकता अभियान

नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाने जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सबसे पहले हर वार्डों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान की शुरूआत नगर के सार्वजनिक स्थल, चौराहा, मुख्य मार्ग एवं नुक्कडों में सामुदायिक सहयोग से श्रमदान करते स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद स्कूली बच्चों व महिला समूहों को साथ लेकर नगर में स्वच्छता रैलियां एवं अन्य माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। जागरूकता के लिए वार्डों में महिला समूहों व महिला मंडलियों के साथ बैठक कर इस मुहिम में हर वर्ग को शामिल किया जाएगा।

# इकरा फाउंडेशन ने पीएम श्री बक्शी शाला में दी पाठ्य सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बीते 6 सालों से शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही संस्था इकरा फाउंडेशन ने पीएमश्री डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शाला में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अध्ययन के लिए लगभग 20 हजार की पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्रदान की। इस दौरान शाला प्राचार्य रोशन लाल वर्मा, इकरा फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य व नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, अध्यक्ष खलील कुरैशी, कोषाध्यक्ष शमशुल होदा खान बाबा, सचिव मो याहिया नियाज़ी, याकूब खान, रियाजुद्दीन कादरी व जुनैद खान सहित लेखापाल वीबी सोनी व कमलेश साहू भी मौजूद थे।

फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी पुत्र डॉ. मुख्तार कुरैशी ने अपनी ग्यारहवीं, बारहवीं कक्षा से लेकर प्रथम प्रयास में ही नीट उत्तीर्ण करने तक की एनसीआरटी, बायजू व आकाश कंपनी की पूरी पाठ्य सामग्री और महत्वपूर्ण नोट्स इकरा फाउंडेशन जरुरतमंद छात्र छात्राओ के हित में दान कर दी थी। फाउंडेशन ने उक्त पाठ्य सामग्री और नोट्स को किसी सरकारी स्कूल में दान करने का निर्णय लेते हुए बक्शी शाला में समस्त पाठ्य सामग्री व नीट के नोट्स प्राचार्य रोशन लाल वर्मा को सौंप दिया।

गौरतलब है कि जरुरतमंद स्टुडेंट्स की पढ़ाई में मदद कर उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में सहयोग करने और संसाधनों के अभाव में पढ़ाई प्रभावित ना हो इस उद्देश्य को लेकर 2019 से फाउंडेशन काम कर रही है। प्राचार्य रोशन लाल वर्मा ने फाउंडेशन की पहल की सराहना करते हुए आभार जताया।

## सार समाचार



### 19 से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**राजनांदगांव।** देवरी के समीपस्थ ग्राम झिटिया में आगामी 19 से 27 अप्रैल तक श्रीमद् भागवत प्रवचन का आयोजन देवांगन परिवार के सौजन्य से रखा गया है। कथा व्यास पं. राजू शर्मा कोलियारा वाले होंगे।

### हनुमान जयंती पर किया खिचड़ी प्रसादी का वितरण

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं बेस्ट प्रैक्टिस सेल के संयुक्त तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि छात्रों के समूह को ग्रुप में बांटकर भजन-कीर्तन किया गया। भगवान महावीर बजरंगी की गौरव गाथा को स्मरण किया गया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि शास्त्रों के अनुसार हनुमानजी को आठ सिद्धियां व नौ निधियां प्राप्त है। वह वर्तमान में भी कहीं पर उनका शरीर धरती पर मौजूद है। यदि सच्चे प्रेमभाव से उनका स्मरण किया जाए तो व्यक्ति के सभी कष्टों का निवारण होता है, इसलिए हनुमान जन्मोत्सव अवसर पर ना केवल घरों में, बल्कि देशभर में और हमारे कॉलेज में भी वीर बजरंगी की भाव से पूजा कर प्रसादी वितरण किया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. मनीष जैन एवं संजय अग्रवाल ने हनुमान जयंती की बधाई दी। सभी को हनुमानजी की तरह निडर, पराक्रमी और बलिष्ठ होकर कार्य करने की प्रार्थना मांगी। आयोजन में महाविद्यालय के छात्रों ने भजन-कीर्तन, गीत-संगीत और पूजन किया। सभी विद्यार्थी नारंगी रंग की पोशाक में हनुमान जी की भक्ति में लीन रहे। हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर सभी को प्रसादी वितरण किया गया।



### सफाई कर्मचारी यूनियन संघ ने रैली का किया स्वागत

**राजनांदगांव।** नगर पालिका निगम के सफाई कर्मचारी यूनियन संघ ने संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती पर आयोजित भव्य रैली का स्थानीय महाकाल चौक में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने बताया कि संविधान निर्माता डॉ. बाबा भीमराव आम्बेडकर की जन्म जयंती पूरा देश और पूरा विश्व मना रहा है, उस विश्व मानव की जितनी पूजा जाए, उतना कम है। अगर वो नहीं होते तो रूढ़िवादी प्रथाओं से भरी असमानता की खाई को पाटना असंभव था। वो केवल दलितों के ही मसीहा नहीं थे, बल्कि पूरे मानव समाज के उद्धारक और नारी मुक्तिदाता थे। सफाई कर्मचारी यूनियन संघ ने उनकी जयंती को स्वर्णिम और यादगार बनाने का प्रयास मात्र किया है, ताकि देश के लिए किए गए उनके योगदान को युगों-युगों तक चिरस्थाई बनाया जा सके, उनकी जयंती पर नगर के 22 वार्डों से आंबेडकर अनुयायियों द्वारा निकाली गई भव्य और ऐतिहासिक रैली का महाकाल चौक में पुष्प वर्षा और शीतल पेय पिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रितेश महानंद, लक्ष्मण भारती, संदीप सोनी, योगेश, कर्मेंद्र सोनी, राजू, पप्पू सोनी, संजय भारती, मोहन, दुर्गेश, पिंटू लोकेश सहित बड़ी संख्या में यूनियन संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।




### वक्फ की जमीन बेचने का आरोप, न्याय के लिए गुहार

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव के अब्दुल बाबर अंसारी ने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर वक्फ की जमीन बेचने का मामला उठाये जाने पर समाज के पदाधिकारियों द्वारा समाज से बहिष्कार करने का आरोप लगाया है और न्याय की मांग की है। पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए अपने ज्ञापन में अब्दुल बाबर ने कहा कि डोंगरगांव मुस्लिम जमात में वक्फ की जमीनों को षड़यंत्र के साथ क्रय-विक्रय किया गया और किया जा रहा है। जिसकी जानकारी मुस्लिम जमाती होने के नाते उन्होंने 3 जून 2024 को आवेदन देकर लिखित में जानकारी मांगी थी। जिसके बाद बैठक कर मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष, सचिव और अन्य पदाधिकारियों ने षडयंत्र के साथ उन्हें जानकारी न देकर समाज से अलग कर दिया है और कहा गया कि 7 जून 2024 से जमाती आप से अलग हो रहे हैं। अब्दुल बाबर ने कहा कि प्रताड़ना से मैं और मेरा परिवार भय से सहमे हुए हैं। मुझे व मेरे परिवार को जान-माल व ईज्जत का खतरा है। प्रताड़ना की वजह से कहीं भी कामकाज में नहीं जा पा रहे हैं। मैं न्याय के लिए नौ माह से भटक रहा हूं। उन्होंने डोंगरगांव पुलिस पर भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। पीड़ित बाबर अंसारी ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते न्याय की गुहार लगाई है।




### सितलेश का चयन वेट लिफ्टिंग एवं पॉवर लिफ्टिंग में

**राजनांदगांव।** जिले के पुलिस विभाग में आरक्षक सितलेश पटेल का चयन वेट लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग खेल में हुआ है। वे 22 से 28 अप्रैल तक यूएई दुबई में आयोजित 11वीं अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेल के लिए 21 अप्रैल को राजनांदगांव से रवाना होकर भारतीय टीम के साथ दुबई जाएंगे। संयुक्त भारतीय खेल फाउंडेशन द्वारा नेपाल के पोखरा शहर स्थित रंगशाला स्टेडियम में 3 से 7 अप्रैल तक इंटरनेशनल गेम्स में राजनांदगांव जिले के सितलेश पटेल का चयन वेट लिफ्टिंग एवं पॉवर लिफ्टिंग खेल में हुआ था। इस इंटरनेशनल गेम्स की मेजबानी इंदु श्री अर्जेनाइजेशन द्वारा की गई थी। उक्त खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया। सितलेश पटेल भारतीय टीम के कप्तान सितलेश पटेल के नेतृत्व में भारतीय टीम के चयनित खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन किया। स्वयं सितलेश पटेल ने भारतीय टीम के कप्तान की जिम्मेदारी सम्हालने के साथ-साथ वेट लिफ्टिंग एवं पॉवर लिफ्टिंग दोनों ही खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर भारत देश का नाम रोशन किया है। वहीं 22 से 28 अप्रैल तक यूएई दुबई में आयोजित 11वीं अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेल के लिए चयनित हुए, जहां वे 21 अप्रैल को राजनांदगांव से रवाना होकर भारतीय टीम के साथ दुबई जाएंगे। सितलेश पटेल भारत देश के इकलौते ऐसे खिलाड़ी हैं, जो वेट लिफ्टिंग, पॉवर लिफ्टिंग व स्ट्रेंथ लिफ्टिंग तीनों ही खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता हैं। सितलेश विगत कई वर्षों से भारत देश का प्रतिनिधित्व करते लगातार पदक जीत रहे हैं। सितलेश पटेल लगातार अंतर्राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने के साथ-साथ इतने कम उम्र में छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी के साथ भारतीय टीम के कप्तान की भी जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जो राजनांदगांव जिले के साथ सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ व भारत देश के लिए गौरव हैं। यूएई दुबई में आयोजित 11वीं अंतर्राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेल के पहले सितलेश पटेल को पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बधाई दी गई।



### जिले में धूमधाम से मनाया जा रहा पोषण पखवाड़ा

# बच्चों के स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार के संबंध में दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में पोषण पखवाड़ा धूमधाम से मनाया जा रहा है। एकीकृत बाल विकास परियोजना डोंगरगढ़ अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र में परियोजना स्तरीय पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने पोषण पखवाड़ा अंतर्गत जानकारी दी गई। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

कार्यक्रम में मुनगा भाजी, लाल भाजी, पालक, चौलाई सहित विभिन्न तरह की भाजी, फल, सब्जियां, अनाज में मूंगदाल, चनादाल, मटर, अरहर, मसूर दाल, सोयाबीन की बड़ी, छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, पौष्टिक लड्डू, चना, गुड़, गुजिया, चिला, रागी के लड्डू जैसे विभिन्न पौष्टिक व्यंजन बच्चों के आहार में शामिल करने की जानकारी दी गई। पोषण तत्वों से भरपूर, विटामिन, प्रोटीन एवं अन्य पोषक तत्वों से भरपूर भोजन बच्चों को खिलाना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ अध्यक्ष रमन डोंगरे, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सदस्य गिरिजाबाई कंवर, महिला बाल विकास समिति नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ सभापति रेखा राधर्वे, महिला बाल विकास जनपद पंचायत डोंगरगढ़ सभापति सीमा ओमप्रकाश साहू, पार्षद दीपाली हरीश भंडारी, बबीता मालागार, शारदा यादव, मेनका राजेश कंडरा, परियोजना अधिकारी के. सरोज आयंगर सहित पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका एवं बच्चों के पालक व बच्चे उपस्थित थे।




#### फल व सब्जियों पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित

कार्यक्रम में बच्चों को फल एवं सब्जी आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, पोषण पखवाड़ा थीम आधारित रंगोली प्रतियोगिता एवं स्थानीय व्यंजन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने तरबूजा, पपीता, भाजी, सोयाबीन की बड़ी जैसे पौष्टिक आहार के बारे में बताते फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों में मोटापे की समस्या को रोकने तथा स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के संबंध में जागरूकता लायी जा रही है तथा कुरकुरे, बर्गर, पिज्जा जैसे फास्ट फूड से दूर रहने बताया जा रहा है।

### जालबांधा में जिला सहकारी बैंक खोलने सौंपा ज्ञापन



**जालबांधा।** ग्राम में जिला सहकारी बैंक की शाखा खोलने क्षेत्र के किसानों ने आज जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जालबांधा सोसाइटी के अध्यक्ष फिरन वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल सिंह राजपूत, रिखबचंद जैन, महाविद्यालय के अध्यक्ष जयप्रकाश साहू, ग्राम पंचायत जालबांधा के सरपंच प्रतिनिधि जयराम वर्मा, ग्राम पंचायत पवनतरा के सरपंच राजेन्द्र वर्मा, हुमन वर्मा, हेमंत देशमुख, ढुकालु वर्मा, अनु.जाति मोर्चा अध्यक्ष पोषण देशलहरे, ग्राम पंचायत शेरगढ़ के सरपंच चन्द्रकुमार जसवाल, अरुण साहू, ग्राम पंचायत भोथी के सरपंच विनोद कुमार वर्मा, बघमर्रा सरपंच अनुप वर्मा, रेंगाकठेरा सरपंच दिलेश्वर यदु, सलौनी सरपंच सौरभ साहू, कोमल वर्मा, मडौदा सोसाइटी अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, भोरमपुरकला सोसाइटी अध्यक्ष नरेश कुर्रे, हर्ष प्रसाद वर्मा, देवकुमार सेन, केशव चंदेल, प्रमोद भगत, सेतु राम वर्मा, कुंजलाल वर्मा, निलेश मंडावी, गौतम वर्मा, हरेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

#### किसानों की दूर होगी परेशानी

ग्राम पंचायत पवनतरा के सरपंच राजेन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया की वर्तमान में जिला सहकारी बैंक खैरागढ़ में होने के कारण क्षेत्र किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जालबांधा में जिला सहकारी बैंक की शाखा खुलने से क्षेत्र के किसानों को काफी सुविधा मिलेगी।

## प्रदेश के पर्यटन स्थलों को सजाने संवारने का काम हमारी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने रायपुर पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में पदभार ग्रहण किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समारोह की अध्यक्षता में यह गरिमामयी कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय ने राजकीय गमछा, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर नवनियुक्त अध्यक्ष का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पदभार ग्रहण और अभिनंदन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते कहा कि छत्तीसगढ़ में सरगुजा से लेकर बस्तर तक पर्यटन की अपार संभावना है। राज्य में डबल इंजन की सरकार के प्रभावी कदमों से बस्तर में नक्सलवाद अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद वहां पर्यटन के नए द्वार खुलेंगे। अबूझमाड़ भी अबूझ नहीं रहेगा। वहां भी विकास की रोशनी पहुंचेगी। पर्यटन के क्षेत्र में राज्य का भविष्य उज्जवल है। इसमें रोजगार की भी बहुत संभावना है। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने समारोह में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ की जैव विविधता और ऐतिहासिक धरोहर बेमिसाल है। पर्यटन की दृष्टि से यहां की ये दोनों खासियतें अभी तक 'अनएक्सप्लोर्ड' है।



#### छग को पहचान दिलाने सौभाग्य मिला

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने स्वयं को दी गई बड़ी जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके लिए नई चुनौती और नया अवसर है। छत्तीसगढ़ को देश-दुनिया में पहचान दिलाने का सौभाग्य मिल रहा है। यहां के पर्यटन स्थलों को सजाने-संवारने का काम करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री सहित अन्य उपस्थित थे।

### निबंध प्रतियोगिता में राधा प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे के मार्गदर्शन तथा यूथ रेडक्रास इकाई के तत्वावधान में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक नशा नाश की जड़ रखा गया।

नशा के दुष्प्रभावों एवं उनके रोकथामों के प्रति छात्रों में जागरूकता जगाने के उद्देश्य से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों की पूर्ण सहभागिता रही। प्रतियोगिता में प्रथम राधा रामटेके, द्वितीय तामेश्वर पटेल तथा तृतीय स्थान रेशमी साहू ने प्राप्त किया। उक्त छात्रों को प्राचार्य डॉ. निर्मला उमरे ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

## रोड में लोडिंग-अनलोडिंग वाहनों पर की गई कार्रवाई



**राजनांदगांव।** शहर के मुख्य मार्ग में वाहन खड़ी कर लोडिंग-अनलोडिंग करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई अभियान तेज कर दिया है। जिसके तहत मार्ग में लोडिंग-अनलोडिंग करने वाले 27 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

शहर के गंज चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, रेस्ट हाउस रोड में मालवाहक वाहनों का सामान लोडिंग-अनलोडिंग का समय निर्धारण किया गया है, किन्तु यातायात नियमों का उल्लंघन कर मालवाहक चालकों द्वारा आम रोड में वाहन खड़ी कर लोडिंग-अनलोडिंग किए जाने की शिकायतें पुलिस को लगातार मिल रही थी।

#### जुर्माना वसूला

जिस पर यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत विभिन्न धाराओं में कार्रवाई किया है। जिसमें आम रोड में वाहन खड़ी कर लोडिंग-अनलोडिंग करने वाले कुल 27 वाहन, तेज गति 8 वाहन, मोटरयान अधिनियम की अन्य धाराओं में कुल 63 वाहन पर कार्रवाई कुल 98 वाहन से 47000 रुपए जुर्माना वसूला गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगा।

### 20 से कार्यक्रमों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विश्व बौद्ध संघ छग प्रदेश शाखा के तत्वावधान में संविधान की हीरक जयंती एवं भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती को संविधान रक्षा एवं सामाजिक न्याय वर्ष के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजन किए जाएंगे।

आगामी 20 अप्रैल से 31 मई तक कार्यक्रम सभा संगोष्ठी, जन जानगरण सम्मेलन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जिसमें बौद्ध अम्बेडकरवादी संगठनों को प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधिगण, बौद्ध भिक्षुगण, समाजसेवी, समाज प्रमुख, सांसदगण, विधायक एवं मंत्रीगण शामिल होंगे। उक्त जानकारी विश्व बौद्ध संघ के प्रदेश महासचिव किशोर खोब्रागढ़े ने दी।

## बस में छूटे बैग को पुलिस ने खोजकर प्रार्थी को किया सुपुर्द

**राजनांदगांव।** एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे दंपत्ति का बैग, जिसमें आभूषण एवं फोन थे, वह बस में ही छूट गया। जिसकी सूचना प्रार्थी ने डोंगरगांव पुलिस को दी।

पुलिस ने प्रयास कर बस में छूटे बैग का पतासाजी कर प्रार्थी को लौटाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार 17 अप्रैल को प्रार्थी मुकेश निषाद निवासी नागपुर महाराष्ट्र अपने पत्नी और बच्चों समेत अपने रिश्तेदार के घर ग्राम घोरदा टोलागांव में शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजनांदगांव से घोरदा जागीरदार बस से आया एवं अपने दोनों छोटे बच्चों को लेकर बस से उतर गया।

#### बस चालक से किया संपर्क



प्रार्थी की पत्नी अपने पास रखे हैंड बैग में अपना डेढ तोला सोने का मंगलसूत्र एवं एक नग एप्पल कंपनी के मोबाइल को बैग सहित उसी बस में छोड़ दिया, जिसे पाने के लिए परेशान होकर रोती हुई थाना डोंगरगांव पहुंचकर जानकारी दी। थाना प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास द्वारा ततपरता से संज्ञान लेते तुरंत संबंधित समय के बस मुंशी व ड्राईवर व बस की पता तलाश किया गया एवं सायबर सेल राजनांदगांव से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर संबंधित बस के चालक व कंडक्टर से संपर्क किया गया।

#### आभूषण व मोबाइल रखा बैग सुरक्षित लौटाया

मोहला में नाकाबंदी कराकर उक्त सामान चोरी होने से पहले ही संबंध बस के ड्राईवर को सूचना देकर बैग सहित मोबाइल व सोने का मंगलसूत्र को अपने कब्जे में रखकर मोहला स्टाफ के सहयोग से थाना डोंगरगांव लाकर प्रार्थी को सुपुर्दनामे पर दिया गया। प्रार्थी द्वारा आभार जताते थाना प्रभारी अवनीश कुमार श्रीवास को सैल्युट छत्तीसगढ़ पुलिस कहकर सम्मान कर सैल्युट किया एवं खुशी जाहिर किया। उक्त सफलता में पुलिस टीम प्रधान आरक्षक बद्रीनाथ दिनकर, आरक्षक राकेश कुमार साहू, सायबर सेल से हेमंत साहू एवं मोहला पुलिस का विशेष योगदान रहा।

## कमला कॉलेज में दो दिवसीय अभ्यास मैच आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कमला कॉलेज मैदान में क्रिकेट का दो दिवसीय अभ्यास मैच आरसीए और आरसीबी के बीच फुल टर्फ विकेट में मैच खेला गया। आरसीए के आपेनिंग में कप्तान हित देवांगन एवं रिजवान का पहला विकेट जल्द गिर गया। रिजवान के 4 रन के योग पर एलपी डब्ल्यू अभय ने किया। क्रमशः आदि साहू 10 रन, राहुल 24 रन, अर्श खान 13 रन बनाए। पूरी टीम पहली पारी 109 रन पर ऑल आऊट हो गई।

आरसीबी की ओर से गेंदबाजी करते अभय 7 विकेट, धवल 1 विकेट, सायना 2 विकेट लिए। आरसीए (बी) की ओपनिंग जोड़ी में अरहम एवं आदित्य गायकवाड़ ने पहला विकेट 0 रन के योग पर गिर गया। क्रमशः अर्श 18 रन, अभय 43 रन, अन्य शाह 0 रन के साथ पूरी टीम 110 रन में ऑल आउट हो गई। 1 रन पर आरसीए को लीड मिला।

आरसीए की ओर से गेंदबाजी करते राहुल ने 2 विकेट, दक्क्ष साहू 5 विकेट, दूसरी पारी में आरसीए की ओपनिंग जोड़ी में हित देवांगन, रियांश पहला विकेट जल्द गिर गया। हित देवांगन के रूप में रन आउट हुए। क्रमशः हित देवांगन 3 रन, आदित्य 5 रन, जोया खान 8 रन, पूरी टीम 60 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। आरसीए की ओर से गेंदबाजी करते अभय ने 2 विकेट, धवल 2 विकेट लिया। 60 रन लक्ष्य का पीछा करते अभय एवं मुकेश पहला विकेट जल्द गिर गया। अभय ने 20 रन का योगदान, धवल 0 रन। इस तरह 9 विकेट से आरसीए ने मैच जीता। मैन ऑफ द मैच के रूप में अभय को टाफी प्रदान किया गया। एकेडमी परिवार की ओर से कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आईपीएल प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु करांडे, शोभा चोपड़ा समेत अन्य ने शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी आरसीए के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।








## खबर संक्षेप

### बलवीर गजानंद विश्वकर्मा भारत के टाप चित्रकारों में शामिल, मिला चित्रकार अवार्ड



**हरिभूमि कोलेगांव।** विश्व कला दिवस पर भारत गुड टाइम्स द्वारा बलवीर गजानंद विश्वकर्मा को चित्रकार अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। वह इससे पहले भी राष्ट्रीय पेंटिग अवॉर्ड से सम्मानित किया गया और राष्ट्रीय स्तर की भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन एनजीओं भी तैयार किया हैं अपने कलाकार दोस्तों के साथ मिलकर विश्व कला दिवस 15 अप्रैल के जश्न में भारत गुड टाइम्स ने गर्व से भारत के शीर्ष उभरते कलाकार को सुर्खियों में लाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल शुरू की। बोल्ड, दूरदर्शी और सांस्कृतिक रूप से निहित आवाजों को पहचानने के लिए समर्पित एक अभियान को आकार देता है इस वर्ष की थीम कला को भावना और परिवर्तन की भाषा के रूप में मनाती है, देश भर के युवा रचनाकारों को अपने काम का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित करती है, चाहे वह कैनवास पर हो, पिक्सेल में, मूर्तिकला, फोटोग्राफी या पारंपरिक रूपों के माध्यम से भारत गुड टाइम्स के एक प्रवक्ता ने कहा कि कला अभिव्यक्ति से अधिक है यह पहचान है, यह प्रतिरोध है और यह कल्पना जीवित है। इस अभियान के माध्यम से हमारा उद्देश्य बढ़ती प्रतिभाओं को बढ़ाना है जिनकी कला राष्ट्रीय और वैश्विक मान्यता की हकदार है।

### भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई

**हरिभूमि कवर्धा।** दीपंकर बुद्ध विहार जन कल्याण समिति कवर्धा द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त दिवस पर समाज के युवक-युवतियों द्वारा 10 बजे भव्य मोटर सायकल रैली निकाली गई तथा शाम 6 बजें शोभा यात्रा रैली निकाली गई जिसमें महिला, पुरूष व बच्चे गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण किया गया। उक्त रैली के दौरान विभिन्न समाज द्वारा स्वलपहार, शरबत पानी वितरीत किया। तत्पश्चात रात 8 बजें डॉ अंबेडकर चौंक कवर्धा में भव्य जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत ईश्वरी साहू, नपा उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद श्रीमती मनीषा अनिल साहू सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें। उक्त कार्यक्रम को अतिथियों ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया जिसमें नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने अंबेडकर चौंक में बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने एवं समाज के अन्य मांगों को पूर्ण करने की घोषणा की गई। वहीं समाज के बच्चों द्वारा शानदार मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जिस पर समिति अध्यक्ष गौकरण रोड़गे द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया तथा समिति कोषाध्यक्ष संजय श्यामकुर ने उपस्थित पदाधिकारियों का आभार तथा कार्यक्रम का सफल संचालन रवि डोंगरे ने किया। उक्त कार्यक्रम में समाज के अधिक अधिक संख्या में महिला, पुरूष , बच्चे तथा गणमान्य नागरिक व क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

### जल आवर्धन घोटाला एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की जांच व पट्टा वितरण हेतु लाभार्थियों को चिन्हांकित करने दिए निर्देश

# विधायक भावना ने नपं पाण्डातराई में विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶पाण्डातराई

गुरुवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने नगर पंचायत पाण्डातराई में चल रहे विकास कार्य, अधोसंरचना निर्माण एवं शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान श्रीमती बोहरा ने पूर्ववर्ती सरकार के दौरान 3 करोड़ रुपए के जल आवर्धन घोटाला एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की जांच करने के लिए दिशा-निर्देश दिए एवं पात्र हितग्राहियों को जमीन का पट्टा आवंटन, बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने, प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन पर अवैध कब्जों को हटाने, वर्तमान में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता एवं तय समय सीमा पर कार्य को पूर्ण करने अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्यालय में उपस्थिति, स्कूलों का उन्नयन और मॉडल स्कूल तथा विद्यालयों में सेनेटरी पैड की उपलब्धता सुनिश्चित करने जैसे प्रमुख विषयों पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें जल्द पूरा करने की बात कही।

उन्होने कहा कि जनता की सुविधाओं का ध्यान रखना एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाना और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं तय समय पर पूरा करना ही हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। नप पाण्डातराई की जनता से हमने जो वादा किया है और नगर की समृद्धि के लिए हमने जो संकल्प किये हैं उसे पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। समीक्षा बैठक में बहुत से महत्वपूर्ण विषयों और विकास कार्यों के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से चर्चा के दौरान मैनें कई सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए हैं जिससे नगरवासियों की सुविधा सुनिश्चित होगी वहीं विकास कार्यों में तेजी से यहां की जनता को लाभ मिलेगा। पूर्ववर्ती सरकार के दौरान नपं पाण्डातराई में हुए लगभग 3 करोड़ रुपए के जल आवर्धन घोटाले एवं गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों की जांच के लिए भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं ताकि जनता के पैसों का दुरूपयोग करने वालों को सजा मिल सके।

ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार का उद्देश्य एवं लक्ष्य स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार को समाप्त कर विकास कार्यों को गति देना जिससे नगरवासियों को सुविधा और योजनाओं का लाभ मिल सके और उनकी उन्नति के साथ हमारे पंडरिया विधानसभा एवं प्रदेश की प्रगति भी सुनिश्चित हो सके। सुशासन के संकल्प के साथ हमारी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाकर काम कर रही है और जो भी व्यक्ति अपने निजी लाभ के लिए जनता के पैसों का दुरूपयोग एवं भ्रष्टाचार करेगा उन्हें बक्शा नहीं जाएगा।

इस अवसर पर बैठक में नपं पाण्डातराई की अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, सभी वार्ड पार्षद एवं सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थें।

### जनहित के विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



भावना बोहरा ने बताया की बैठक में प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाना, स्कूलों में विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं बाउंड्रीवॉल का निर्माण, नगर में मॉडल स्कूल के निर्माण, शासकीय अधिकारियों की तय समय पर कार्यालय में उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बायो मैट्रिक अटेंडेंस, अगले माह के अंत तक पात्र लोगों को चिन्हांकित कर जमीन का पट्टा वितरण करने, गर्मी को देखते हुए बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त करने, स्कूलों में सेनेटरी पैड की व्यवस्था एवं वर्तमान में नगर में हो रहे विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण को गुणवत्ता के साथ तय समय पर पूरा करने जैसे जनहित के विषयों पर चर्चा कर इस दिशा में कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। हमें पूरा विश्वास है कि सुशासन की सरकार में हम इन सभी विकास कार्यों एवं जनकल्याण के कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता के साथ पूरा करेंगे।जबसे प्रदेश में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार बनी है विकास कार्यों में तेजी आई है। जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है और अधोसंरचना निर्माण, व्यावसायिक गतिविधयों को बढ़ावा, किसानों और महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यालयों का उन्नयन और मूलभूत सुविधाओं का निरन्तर विस्तार सुनिश्चित हो रहा है जिसका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है।

### डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद नपं पाण्डातराई को मिली विकास कार्यों की बड़ी सौगातः विधायक

विधायक ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार बनने के बाद से महज 15 महीनों के भीतर नपं पाण्डातराई में विकास कार्यों, अधोसंरचन निर्माण हेतु 21 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है और कार्य प्रगति पर हैं। आज नगर में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। नगरवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पाण्डातराई बायपास के लिए 8 करोड़ रुपए, पाण्डातराई नगर से फास्टरपुर मार्ग के निर्माण हेतु 15 करोड़ रुपए, पोंड़ी-पाण्डातराई-पंडरिया मार्ग में (एन एच 130) हॉफ नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य के लिए 3 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है। आज नगर में प्रयाप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए हाई मास्ट लाइट एवं स्ट्रीट लाइट, नगर के प्रमुख चौक-चौराहों व तालाबों का सौन्दर्यीकरण, विद्यालयों का छात्रों के लिए सुविधाओं का विस्तार, सीसी रोड एवं नाली निर्माण, पर्याप्त पेयजल एवं बिजली की आपूर्ति सामुदायिक भवन, मुक्तिधाम, शेड निर्माण जैसे करई विकास कार्य एवं परियोजनाएं आकार ले रहीं है। उन्होंने कहा कि पाण्डातराई नगर की लगभग 2100 महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की आर्थिक सहायता मिल रही है, लगभग 1600 परिवारों को पीएम आवास योजना का लाभ मिला है, लगभग 2300 परिवारों को राशनकार्ड, लगभग 2700 लोगों को आयुष्मान भारत योजना से 5 लाख तक निःशुल्क उपचार मिल रहा है,लगभग 700 किसनों को दो वर्ष का बकाया धान बोनस मिला है, लगभग 1000 किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई है। इन सभी योजनाओं और विकास कार्यों से ही आज हमारा नगर पंचायत पांडातराई विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है और जनता को भी आर्थिक एवं सुविधाओं का लाभ मिल रहा है जिसके प्रति हम कृत संकल्पित हैं।

# वनांचल क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर बिलासा पंद्राम ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

- पहाड़ी ग्रामों में जल्द पेयजल की समुचित व्यवस्था की मांग की। जनपद सदस्य श्रीमती पंद्राम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई कुकदूर



जनपद पंचायत पंडरिया के जनपद क्षेत्र क्रमांक-1 की जनपद सदस्य श्रीमती बिलासा पंद्राम ने क्षेत्र के पहाड़ी ग्रामों में पेयजल संकट को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत भेलकी के आश्रित ग्राम चुलटोला, बदनाचुआ, लारीपारा, ग्राम पंचायत छिंदीडीह के आश्रित ग्राम सारपानी, धोबे, ग्राम पंचायत सेंदूरखार, एरूनटोला, साईटोला, ग्राम पंचायत कांदावानी के रूखमीदादर, बाहपानी, भल्लीनदादर, ग्राम पंचायत बिरहुडीह के पंडरीपानी, मजगांव, गभौड़ा, लिफड़ीपानी, नवापारा, करहालू सहित कई आदिवासी बाहुल्य पहाड़ी ग्रामों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में इन गांवों के कुएं और हैंडपंप सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों को खासकर नाला और झिरिया से पानी लाना पड़ता है, जिससे वनांचल वासियों के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव तथा समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। जिस पर जनपद सदस्य ने मांग की कि इन ग्रामों में जल्द से जल्द पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को इस विकट समस्या से राहत मिल सके।

### सड़क किनारे कूड़ा कचरा से उठने वाली बदबू से ग्रामीण व राहगीर परेशान



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम हरिनछपरा औद्योगित क्षेत्र होने ग्रामीणों व राहगीरों को आवागमन लगा रहा है। वहीं औद्योगिक ग्राम हरिनछपरा सड़क किनारे कूड़ा-कचरा होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि कूड़ा-कचरा से उठने वाली बदबू से आवाजाही बाधित व भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार भारी मात्रा में एकत्रित कूड़ा कचरा बरसात के दिनों में उठनी वाली बदबू दोगुना तथा रहवासियो के स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। वहीं मच्छर पनपने से लोग परेशान व हलाकान है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने की अपील कर कूड़ा कचरा को हटाने की मांग की गई ताकि ग्रामीणो व राहगीरों को आवाजाही में राहत मिल सकें।

# जिला स्तरीय संस्कृत-भाषा बोधन वर्ग शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

जिले में पहली बार जिला स्तरीय संस्कृत-भारती द्वारा 11 से 14 अप्रैल तक संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रानी दुर्गावती चौक कवर्धा में आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें चार प्रबंधक उन्तीस प्रशिक्षार्थियों, पांच प्रशिक्षित शिक्षकों ने हिस्सा लिया। दिनचर्या का समय प्रतिदिन प्रात 4:30 जागरण से एकात्मस्त्रोत पाठ, योग, ध्यान, प्राणायाम, चिंतन, स्वल्पाहार, भाषा ज्ञान, विभिन्न रोचक गतिविधियों द्वारा संस्कृत भाषा शिक्षण आयोजित किया गया। वहीं 14 अप्रैल समापन दिवस के अवसर पर नगर में भव्य शोभा यात्रा रैली निकाली गई, समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्णेन्द्र सिन्हा, मुख्य वक्ता हेमंत साहू एवं विशिष्ट अतिथि विशेषर पटेल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में गेयगीतम, संस्कृत वार्तालापः नाटक, श्लोक पठन, संस्कृत चित्र पत्रं एवं आभार प्रदर्शन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षक नरेंद्र साहू, सुश्री महंगी पैकरा, सुश्री डालेश्वरी साहू, जिला संयोजक अमित मिश्रा, सह-संयोजक रविंद्र चंद्रवंशी, गायत्री तिवारी, अभिलाषा ठाकुर, पूर्णिमा श्रीवास्तव, मनीषा पुरोहित, जयंत बैस, महेश्वरी द्विवेदी एवं शिक्षार्थीयों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# कवर्धा सहकारी केंद्रीय बैंक का जिपं अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

- किसानों के हित में स्वच्छ जल और अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने गुरूवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कवर्धा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैंक की व्यवस्थाओं और किसानों को मिल रही सुविधाओं का अवलोकन किया तथा किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए कई निर्देश दिए।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने शाखा प्रबंधक को किसानों के लिए पीने के स्वच्छ जल की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा, जिससे लंबी कतार में खड़े किसान असुविधा का सामना न करें। साथ ही उन्होंने केसीसी ऋण वितरण प्रक्रिया में तेजी लाने और लंबित भुगतानों को शीघ्र निपटाने के भी निर्देश दिए। किसानों की बढ़ती संख्या और सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जिला कार्यालय, राजनांदगांव के सीईओ से फोन पर चर्चा कर शाखा में एक अतिरिक्त काउंटर स्थापित करने के निर्देश भी दिए, ताकि भीड़ प्रबंधन बेहतर हो सके और किसानों को लंबा इंतजार न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री साहू ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों की सेवा ही हमारी प्राथमिकता है। बैंकिंग सुविधाएं सरल, सुलभ और सम्मानजनक होनी चाहिए तभी विकास की प्रक्रिया सार्थक होगी।

# सोमनापुर नया में हर्षोल्लास के साथ मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



शासकीय हाई स्कूल सोमनापुर-नया में संविधान निर्माता व भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वी जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण व विधि विधान से पूजा अर्चना कर किया गया।

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य ने बताया कि देश के पहले कानुन मंत्री और संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत की आजादी की लड़ाई में एक अहम भूमिका निभाने के साथ ही संपूर्ण राष्ट्र के लिए संविधान निर्माण की भी जिम्मेदारी उठाई। इसके साथ ही उनको 31 मार्च 1990 को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। 29 अगस्त 1947 के दिन स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना के लिए बनी संविधान मसोदा समिति के अध्यक्ष बनाया गया था। वहीं व्याख्याता योगेश कुमार गुरुदिवान ने कहा कि भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर ने श्रमिकों, दलितो, किसानो व महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।

व्याख्याता राजकुमार ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर एक विद्वान, वकील, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ थे। जिन्होंने अपना जीवन सामाजिक न्याय और समानता के लिए समर्पित कर दिया। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष कुमार साहू, शिक्षिका ज्योति ध्रुव, व्याख्याता योगेश कुमार गुरुदिवान, महेन्द्र कंठले, शकुन पाटले, राजकुमार ध्रुव सहित गणमान्य नागरिक था छात्र-छात्राएं नागरिक उपस्थित थे।

# रोटरी मैत्री भवन रायपुर में प्रदेश के रचनाकारों का काव्यपाठ तथा व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन एवं रोटरी क्लब रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में रोटरी मैत्री भवन जल विहार कॉलोनी रायपुर में 14 अप्रैल को आयोजित इस कवि गोष्ठी में प्रदेश के जाने-माने कवियों का काव्यपाठ तथा व्यंग्य की विरासत एवं प्रभाकर चौबे पर व्याख्यान हुआ। उक्त कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के युवा समीक्षक कवि अजय चंद्रवंशी, वरिष्ठ साहित्यकार जनवादी कवि समयलाल विवेक और युवा रचनाकार सात्विक श्रीवास्तव ने अपनी प्रतिनिधि कविताओं का पाठ किया मुखर स्वर में किया। अजय चंद्रवंशी ने घर खर्च, चयनित संवेदना और पापा का दिल शीर्षक रचना सुनाकर उपस्थित प्रबुद्ध श्रोताओं को उद्वेलित किया। वहीं सात्विक की मैं मिडिल क्लास का लड़का और उम्र कविताओं ने श्रोताओं को काफी प्रभावित किया। इन कविताओं को लेकर वरिष्ठ कलाधर्मी संतोष झांझी,मालती चांडक और शिव श्रीवास्तव ने प्रतिभावान युवा कवि सात्विक को खूब प्रोत्साहित किया। समयलाल विवेक ने अपनी छोटी रचना दक्षिणपंथीःवामपंथी को सुना कर जहां दक्षिण पंक्तियों पर जोरदार कटाक्ष किया वहीं जीवंत संसर्ग के क्षण शीर्षक कविता पढ़कर श्रोताओं को काफी झकझोर दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में रोटरी क्लब रायपुर के नमोचंद मोरविया की अध्यक्षता एवं भगत सिंह सोनी के मुख्य आतिथ्य एवं जीवन यदु के विशिष्ट आतिथ्य में काव्य गोष्ठी संपन्न हुई। इसमें 93 वर्षीय साहित्यकार हरिप्रकाश वत्स ने तरन्नुम में गजलों का पाठ किया। वहीं द्वितीय सत्र में व्यंग्य की विरासत एवं प्रभाकर चौबे पर बोलते हुए मुख्य वक्ता लक्ष्मीशंकर निगम पूर्व कुलपति शंकराचार्य विश्वविद्यालय भिलाई एवं रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष प्राचीन भारतीय इतिहास ने विषयान्तर्गत सारगर्भित वक्तव्य दिया।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 22 अप्रैल को

**कवर्धा।** जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, द्वारा 22 अप्रैल को एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प जिला न्यायालय रोड स्थित रोजगार कार्यालय परिसर, कवर्धा में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में 61 पदों पर भर्ती की जाएगी। यह प्लेसमेंट कैम्प पूरी तरह निःशुल्क है और नियुक्ति प्रक्रिया का संचालन संबंधित नियोजक द्वारा ही किया जाएगा।

**निधन**

## गिरधर चंद्रवंशी



**कवर्धा।** स्वास्थ्य विभाग कवर्धा के सेवानिवृत्त लेखापाल गिरधर चंद्रवंशी का गुरूवार की सुबह करीब 77 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया। उनकी इच्छा के अनुरूप उनका अंतिम संस्कार काशी जी में किया जाएगा। स्वर्गीय चंद्रवंशी मुलतः ग्राम परसवारा के निवासी थे। वे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय राजनांदगांव में भी पदस्थ रहे, बाद के वर्षों में कवर्धा आ गए थे। वे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इंदौरी के प्रभारी सुरेंद्र चंद्रवंशी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

**कार्रवाई : बीईओ कवर्धा के निरीक्षण के दौरान नगर के 7 स्कूल बंद मिले**

# नहीं सुधर पा रही है सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

स्कूल शिक्षा विभाग के साथ प्रशासन तथा शासन के लाख जतन के बाद भी न तो जिले की खस्ताहाल और चरमराई सरकारी स्कूल शिक्षा व्यवस्था में कोई सुधार दिखाई दे रही है और न ही लापरवाह शिक्षकों की मनमानी थमने का नाम ले रही है।

इसका जीवंत उदाहरण गुरूवार को उस समय देखने को मिला जब जिले के विकासखण्ड कवर्धा के ब्लाक शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल क्षेत्र के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कवर्धा विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल ने बीते बुधवार की सुबह 7:00 बजे क्षेत्र के स्कूलों में दबिस दी। बताया जाता है कि उन्होने अपने औचक निरीक्षण के दौरान कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के 14 स्कूलों का निरीक्षण किया, जिसमें से 7 स्कूलों को बंद पाया गया।

इस लापरवाही पर बीईओ ने कड़ा रूख अपनाते हुए 7 प्रधानपाठकों और 44 शिक्षकों को तत्काल शो-काज नोटिस जारी कर दिया। माना जा रहा है कि बीईओ के इस औचक निरीक्षण के दौरान जिला मुख्यालय कवर्धा नगरीय क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की जो स्थिति और सरकारी स्कूलों के सर्वेसर्वा प्रधानपाठकों से लेकर पदस्थ शिक्षकों जो मनमानी और गैरजिम्मेदारी सामने आई है उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब जिला मुख्यालय कवर्धा में सरकारी स्कूली की ऐसी स्थिति है तो फिर जिले के वनांचल और ग्रामीण अंचलों में संचालित सरकारी स्कूलों का क्या होगा। ऐसे में माना जा रहा है शासन, प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग के साथ ही क्षेत्र के औहदेददार जनप्रतिनिधियों व शाला विकास समिति के पदाधिकारियों को इस तरह से लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण तथा कार्यवाही करनी होगी।



### शिक्षा के प्रति विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का कड़ा रुख

बीईओ संजय जायसवाल का मानना है कि शिक्षा केवल एक पेशेवर कार्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे गंभीरता से निभाना चाहिए। उनका उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही को खत्म करना और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। आज के निरीक्षण के दौरान, जब स्कूलों को बंद पाया गया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा,शिक्षा में लापरवाही का कोई स्थान नहीं है, यह बच्चों के भविष्य से जुड़ा हुआ विषय है।

### लापरवाही पर शिक्षकों का काटा जाएगा एक दिन का वेतन

बच्चों की स्कूली शिक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद लापरवाही पाए जाने पर 7 प्रधान पाठकों और 44 शिक्षकों को शो-काज नोटिस जारी किया गया था जिसके जवाब सामने आने के बाद सभी लापरवाह शिक्षकों व प्रधान पाठकों का एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की जा रही है।

**संजय जायसवाल, बीईओ कवर्धा**

# जिला मुख्यालय में उपभोक्ताओं को नहीं मिला पा रही सुचारू रूप से बिजली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बढ़ती गर्मी के साथ कवर्धा नगर सहित आसपास के ग्रामीण ईलाकों में एक बार फिर बिजली ने झटके देना शुरूकर दिया है। माना जा रहा है कि यह विद्युत विभाग की अनेदखी और अव्यवस्था का नतीजा है जिसका खामियाजा अब उपभोक्ताओं को पूरी गर्मी भर भुगतना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि अप्रैल माह के मध्यम में ही कवर्धा सहित पूरे अंचल में गर्मी अपने तेवर दिखाने लगी है। लेकिन हर बार की तरह इस बार भी विद्युत विभाग ने ग्रीष्म ऋतु में अचानक बढ़ने वाली विद्युत की खपत को देखते हुए कोई विशेष इंतजाम नहीं किए हैं और सब कुछ पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है। नतीजन जिला मुख्यालय कवर्धा ही बिजली उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है और उन्हें दिने में कई-कई बार पॉवर कट का सामना करना पड़ रहा है। गुरूवार की ही बात की जाए तो कवर्धा में करीब चार बार नगर में पॉवर कट की स्थिति निर्मित हुई और वह भी हर बार करीब आंधे से एक घंटे के लिए।

इन हालातों में समझा जा सकता है कि इस भीषण गर्मी में बगैर बिजली के उपभोक्ताओं का क्या हाल हो रहा होगा। बताया जाता है कि भीषण गर्मी में आम उपभोक्ताओं के साथ दुकानदारों व व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने इस अव्यवस्था को दुरूस्थ कराए जाने की मांग की है।

# सकल जैन श्री संघ ने निकाली जनाक्रोश मोटर सायकल रैली, राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के नीमच जिले के कछाला ग्राम में दिल दहलाने वाली घटना को चंद असमाजिक तत्वों द्वारा अंजाम देते हुए जैन मुनी के साथ मारपीट की है। जिसकी सकल जैन श्री संघ कठोर निंदा व विरोध करते हुए न सिर्फ विरोध प्रदर्शन किया बल्कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यकिए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

इस संबंध सकल जैन श्री संघ ने बताया कि आजीवन अहिंसा का पालन करने एवं संदेश देने वाले जैन संत शैलेश मुनि, बलभद्र मुनि, मुनेंद्र मुनि रात्रि विश्राम के लिए बजरंग बली के मंदिर परिसर कछाला ग्राम में ठहरे हुए थे। देर रात 5-6 एंटी सोशल पर्सन जो नशे में द्युत थे, ने आकर मुनि त्रय से पैसों की मांग की चूंकि संत महापुरुष अपरिग्रही होते हैं। उनके पास रुपए पैसे नहीं होते हैं अतः उन्होंने कुछ भी दे पाने में असमर्थता व्यक्त की। ना सुनते ही लुटेरो ने लाठी, डंडे ,धारदार हथियार से उन्हें बुरी तरह पीटने लगे। जिससे संत महापुरुषों का शरीर लहूलुहान हो गया। तन पर बड़े-बड़े जख्म होने के बावजूद महावीर के सिद्धांत को आत्मसात करते हुए उन्होंने अपने उपार्जित कर्म का प्रतिफल मानते हुए आरोपियों के प्रति क्षमा दान के भाव अभिव्यक्त किया। समूचे भारतवर्ष में इस अमानवीय कृत्य की सर्वत्र निंदा हो रही है तथा आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सकल जैन श्री संघ कवर्धा ने अध्यक्ष नेमीचंद श्री श्रीमाल के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली। जो जैन स्थानक भवन से प्रारंभ होकर गुरु नानक गेट, महावीर स्तंभ चौक, भारत माता चौक होते हुए जिलाधीश कार्यालय पहुंची। जिलाधीश की अनुपस्थिति में महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, प्रदेश के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री आदि के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार विकास चोपड़ा को सौपा गया। जिसमें मुलजिमो को सख्त सजा दिए जाने की मांग की गई ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो साथ ही विहार यात्रा में सुरक्षा प्रदान करने की भी मांग की गई। वहीं श्री संघ ने विशाल बाइक रैली ने निकालकर इस घटना का विरोध किया। बाईक रैली में मातृशक्ति आगे चल रही थी। युवाओं की बहुलता एवं उत्साह देखते ही बन रहा था। इस दसैरान रैली में शामिल समाज के लोगों ने साधु संतों से दुर्व्यवहार नहीं चलेगा, नहीं चलेगा, मुनि भगवंत का अपमान, नहीं सहेंगे, नहीं सहेंगे जैसे गगन चुंबी नारे भी लगाए। भीषण गर्मी में बढ़ते तापमान के बावजूद रैली में सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और विरोध प्रदर्शन किया।



# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की राज्य कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गत 16 अप्रैल को रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में किया गया। इस बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की दिशा पर विस्तार से चर्चा की गई। राज्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने स्वयं सभी जिलों से आए प्रतिनिधियों से स्काउटिंग गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक की अध्यक्षता राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव ने की। उन्होंने बीते वर्ष की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए एक पेड़ मां के नाम जैसे नवाचारों की सफलता पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में स्काउटिंग गतिविधियों की शुरुआत हो चुकी है, जो युवाओं के व्यक्तित्व विकास और सेवा भावना को सुदृढ़ करेगी। बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया, जिनमें प्रस्तावित 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी की तैयारियाँ, आगामी युवा एवं वयस्क कायक्रमों की स्वीकृति, राज्य मुख्यालय के कर्मचारियों के नियमितीकरण एवं वेतनमान से जुड़े विषय और सभी जिला संघों के प्रभावी गठन हेतु रणनीति शामिल रही। राष्ट्रीय जंबूरी आयोजन पर विशेष चर्चा करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने परिवहन, भोजन, आवास और आयोजन से जुड़े अन्य पहलुओं की समीक्षा की और महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात होगी और इसकी तैयारी में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, आपदा प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास शिविरों की समीक्षा, राज्यपाल अलंकरण समारोह की तैयारियाँ, झांकी (अभनपुर) एवं झीपन (बलौदाबाजार) स्थित राज्य प्रशिक्षण केन्द्रों के रखरखाव और विकास जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। मुख्य अतिथि ने बस्तर, सुकमा और दंतेवाड़ा जैसे संवेदनशील जिलों में स्काउटिंग गतिविधियों को सशक्त करने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए तथा यह प्रस्ताव भी रखा कि स्काउटिंग को व्यापक बनाने हेतु समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों के साथ एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाए। इस बैठक में राज्य कार्यकारिणी के सभी सदस्य सहित कबीरधाम जिले से जिला मुख्य आयुक्त रूपेश जैन एवं राज्य युवा अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

# महतारी वंदन योजना से संगीता बनी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिला के ग्राम भागुटोला की रहने वाली श्रीमती संगीता पटेल आज आत्मनिर्भरता और आर्थिक प्रबंधन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बन गई हैं। उनके जीवन में परिवर्तन का यह सफर छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना से शुरू हुआ, जिसने उन्हें न केवल आर्थिक सहायता दी, बल्कि आत्मविश्वास से भर दिया। श्रीमती संगीता पटेल, एक गृहिणी और मां, अपने परिवार के लिए हमेशा कुछ बेहतर करना चाहती थीं। लेकिन सीमित आय के कारण उनके सपनों को साकार करना मुश्किल था। अब जब उन्हें महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1000 रुपये की आर्थिक सहायता मिलने लगी, तो उनके जीवन में नई उम्मीद जागी। संगीता ने इस राशि का बुद्धिमानी से उपयोग करना शुरू किया। उन्होंने अपनी बेटी के भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाया और हर महीने उसमें 500 रुपये जमा करने का निर्णय लिया। यह उनके बेटी के बेहतर शिक्षा और भविष्य के सपनों को साकार करने का पहला कदम था। बचे हुए 500 रुपये का उपयोग वह घर के अन्य खर्चों और बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। श्रीमती संगीता बताती हैं कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए मुझे पति या सास-ससुर से पैसे मांगने पड़ते थे, जो कभी-कभी असहजता का कारण बनता था। लेकिन अब मुझे हर महीने अपनी जरूरतों के लिए पैसा मिलता है। यह केवल आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि मेरे लिए आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की भी बात है। इस योजना ने न केवल संगीता को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उनके भीतर बचत और प्रबंधन का गुण भी विकसित किया है।

# जिला भाजयुमो का कवर्धा में विरोध प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान एवं प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के निर्देशानुसार जिला भाजयुमो द्वारा शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

इस संबंध में जिला भाजयुमो अध्यक्ष मनीराम साहू एवं सचिन गुप्ता, योगेश चन्द्रवंशी महामंत्री जिला भाजयुमो ने संयुक्त रूप से बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान एवं प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के निर्देशानुसार जिला भाजयुमो द्वारा शुक्रवार को 18 अप्रैल को भाजयुमो द्वारा नेशनल हैराल्ड मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का पुतला दहन तथा जिला कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से समस्त विधायकगण, जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजयुमो द्वारा इस कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है।

**बैठक ...**



कवर्धा। राज्य स्काउटिंग को नई दिशा देने प्रदेश की राजधानी रायपुर में आयोजित की गई बैठक

**कलेक्टर वर्मा ने भारत का नाम रौशन करने वाले चार युवाओं को किया आमंत्रित**

# नेपाल में लहराया भारत का परचम, चमके कवर्धा के सितारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के चार होनहार खिलाड़ियों ने नेपाल के पोखरा शहर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग एवं वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए भारत का परचम लहराया है। अंतरराष्ट्रीय संयुक्त भारतीय खेल संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, पाकिस्तान, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और म्यांमार समेत सात देशों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारत की ओर से छत्तीसगढ़ के कवर्धा से सूरज राजपूत, दीपाली सोनी, अभिषेक तिवारी और अनुराग जांगड़े ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भाग लेकर स्वर्ण पदक हासिल किए। इनकी सफलता पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी खिलाड़ियों को अपने कार्यालय में आमंत्रित कर मिठाई खिलाई, पुष्पगुच्छ भेंट किया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बॉडीबिल्डिंग स्पर्धा में कबीरधाम के सूरज राजपूत ने सात देशों के प्रतिभागियों को पीछे छोड़ते हुए इंटरनेशनल मिस्टर ओवरऑल का खिताब अपने नाम किया। सूरज पूर्व में मिस्टर छत्तीसगढ़, सीनियर नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप और पावरलिफ्टिंग में भी पदक जीत चुके हैं। वर्तमान में वे कवर्धा के भारत हेल्थ क्लब में कोच की भूमिका निभा रहे हैं और लगभग 50 युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहे हैं। दीपाली सोनी, जो कि जिले की पहली महिला स्वर्ण विजेता वेटलिफ्टर बनीं, ने 76 किलोग्राम वर्ग में जीत दर्ज की। वे इससे पहले राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। पुरुषों की 67 किलोग्राम श्रेणी में सब-जूनियर वर्ग के अभिषेक तिवारी ने स्वर्ण पदक हासिल किया, जो पहले स्कूल नेशनल गेम्स में भी पदक जीत चुके हैं। वहीं 14 वर्षीय अनुराग जांगड़े, जिन्होंने 109 किलोग्राम वर्ग में सब-जूनियर वेटलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया, पहले भी जिला और स्कूल स्तरीय कई प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे हैं। सूरज राजपूत ने अपनी सफलता और टीम की उपलब्धियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कलेक्टर गोपाल वर्मा, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छेवाई, डीएफओ शशि कुमार सिंह और जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि जिले के हर युवा की प्रेरणा बनेगी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में दुबई में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित होगी, जिसकी तैयारी भी वे कवर्धा से ही पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। नेपाल की धरती पर खिलाड़ियों द्वारा किया गया यह प्रदर्शन न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है।



# इकरा फाउंडेशन ने पीएम श्री बक्शी शाला में दी पाठ्य सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

बीते 6 सालों से शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही संस्था इकरा फाउंडेशन ने पीएमश्री डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शाला में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अध्ययन के लिए लगभग 20 हजार की पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्रदान की। इस दौरान शाला प्राचार्य रोशन लाल वर्मा, इकरा फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य व नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, अध्यक्ष खलील कुरैशी, कोषाध्यक्ष शमशुल होदा खान बाबा, सचिव मो याहिया नियाज़ी, याकूब खान, रियाजुद्दीन कादरी व जुनैद खान सहित लेखापाल वीबी सोनी व कमलेश साहू भी मौजूद थे।

फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी पुत्र डॉ. मुख्तार कुरैशी ने अपनी ग्यारहवीं, बारहवीं कक्षा से लेकर प्रथम प्रयास में ही नीट उत्तीर्ण करने तक की एनसीआरटी, बायजू व आकाश कंपनी की पूरी पाठ्य सामग्री और महत्वपूर्ण नोट्स इकरा फाउंडेशन जरुरतमंद छात्र छात्राओ के हित में दान कर दी थी। फाउंडेशन ने उक्त पाठ्य सामग्री और नोट्स को किसी सरकारी स्कूल में दान करने का निर्णय लेते हुए बक्शी शाला में समस्त पाठ्य सामग्री व नीट के नोट्स प्राचार्य रोशन लाल वर्मा को सौंप दिया।

गौरतलब है कि जरुरतमंद स्टुडेंट्स की पढ़ाई में मदद कर उनके बेहतर भविष्य के निर्माण में सहयोग करने और संसाधनों के अभाव में पढ़ाई प्रभावित ना हो इस उद्देश्य को लेकर 2019 से फाउंडेशन काम कर रही है। प्राचार्य रोशन लाल वर्मा ने फाउंडेशन की पहल की सराहना करते हुए आभार जताया।

